संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 20 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 339 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



नई दिल्ली में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की।

## फास्ट न्यूज

### आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट में बदलाव से जुड़े नए विधेयक लोकसभा में पेश

**नई दिल्ली।** भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम (एविडेंस एक्ट) में बदलाव से जुड़े तीन नए विधेयकों को मंगलवार को लोकसभा में पारित किए जाने के लिए पेश किया गया।

पिछले हफ्ते विधेयकों को नए सिरे से संसद के विचार हेतु रखा गया था। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023 लोकसभा में पेश किया। विधेयक पर चर्चा जारी है। कल गृह मंत्री इस पर हुई चर्चा का जवाब दे सकते हैं।

### बिटकॉइन पोंजी स्कीम मामले में ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली:** बिटकॉइन पोंजी स्कीम के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की। जिसमें एक महिला को गिरफ्तार किया गया है।

मनी लॉन्ड्रिंग का मामला कंपनी और उसके प्रमोटरों सिम्पी भारद्वाज, अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और कई एमएलएमएजेंटों के खिलाफ महाराष्ट्र और दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज किए मामलों से सामने आया है।

# विपक्षी गठबंधन की बैठक में पीएम उम्मीदवार पर चर्चा

## गठबंधन के पीएम उम्मीदवार के लिए खरगे के नाम का प्रस्ताव, कांग्रेस अध्यक्ष बोले, पहले जीतना जरूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों और रणनीति बनाने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं का राजधानी दिल्ली में महाजुटान हुआ। इसमें अलग-अलग पार्टियों के नेता शामिल हुए। इस बीच, इस बैठक को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि राजधानी के अशोका होटल में हुई इस बैठक में विपक्षी गठबंधन के पीएम उम्मीदवार को लेकर भी चर्चा की गई। दिल्ली में आयोजित इस बैठक में सभी राज्यों में आपस में सहयोग कर लोकसभा चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया है।

गठबंधन के पीएम उम्मीदवार के लिए खरगे के नाम का प्रस्ताव इस दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ह्यइंडियाह्व गठबंधन के प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कही यह बात वहीं, सूत्रों ने बताया है कि कांग्रेस प्रमुख खरगे का कहना है पहले चुनाव जीतना महत्वपूर्ण है। इंडिया ब्लॉक के पीएम चेहरे पर अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि लोकतंत्र को बचाने के लिए हम सभी को लड़ना होगा और हम सभी इसके लिए तैयार हैं। हमने संसद में सुरक्षा उल्लंघन का मुद्दा उठाया। हम पहले से कह रहे हैं कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह या पीएम मोदी को संसद में आना चाहिए और संसद सुरक्षा चूक के मुद्दे पर लोकसभा और राज्यसभा में बोलना चाहिए, लेकिन वे ऐसा करने से इनकार कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि यह पहली बार है जब देश में 141 संसद सदस्यों को निलंबित किया गया है। यह गलत है, हम इसके खिलाफ लड़ेंगे। हम इसके खिलाफ लड़ने के लिए एकजुट हुए हैं। हमने 22 दिसंबर को सांसदों के निलंबन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है।



### अशोका होटल में हुई बैठक आयोजित

**बैठक** में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, जनता दल (यू) से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजीव रंजन सिंह, शिवसेना (यूबीटी) से उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की महबूबा मुफ्ती, अपना दल (के) से कृष्णा पटेल एवं पल्लवी पटेल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद, द्रमुक के टीआर बालू, सीपीआई-एम के सीताराम येचुरी, राजद के तेजस्वी यादव, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव और राम गोपाल यादव व अन्य मौजूद रहे।

### यह चौथी बैठक

इंडिया गठबंधन की अब तक तीन बैठक पटना, बेंगलुरु और मुंबई में हो चुकी है। इसके बाद चौथी बैठक आज यानी मंगलवार को नई दिल्ली के अशोका होटल में हुई।

### इन मुद्दों पर हुई चर्चा

- = सकारात्मक एजेंडा तय करना
- = सीटो का बंटवारा
- = नए सिरे से रणनीति बनाना
- = साझा जनसभाओं पर मंथन
- = संसद से विपक्षी सांसदों के निलबंन पर

### इन पर भी हुआ विमर्श

- = जाति आधारित गणना
- = न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी
- = श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा



भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैदराबाद में हैदराबाद पब्लिक स्कूल के शताब्दी समारोह में शामिल हुईं।

### दिल्ली के प्रदूषण से नितिन गडकरी भी हो रहे बीमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पर्यावरण के प्रति चिंता जताते हुए कहा है कि उन्हें चार दिन दिल्ली में रह कर ही इन्फेक्शन होने लगता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में 40-45 फीसदी प्रदूषण ट्रांसपोर्ट से होता है। एक डिजिटल कॉन्क्लेव में उन्होंने अपने मंत्रालय द्वारा उठाए गए और उठाए जाने वाले मुख्य कदमों की जानकारी दी। गडकरी का कहना है कि इलेक्ट्रिक कार एक बार चार्ज होने पर 450 किमी तक चल सकती है। आने वाले सालों में 1.5 लाख इलेक्ट्रिक बसें आ रही हैं। पंजाब और हरियाणा में 180 प्रोजेक्ट के तहत पराली से इथेनॉल बनाने का कार्य गति से चल रहा है।


### पीएम ने स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के प्रति जताई उत्सुकता

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**




**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 के ग्रैंड फिनाले के प्रतिभागियों के साथ बातचीत को उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आज रात 9:30 बजे, मैं स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 - एक बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम - में अग्रणी नवप्रवर्तकों के साथ शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा कि मुझे हमारे युवाओं द्वारा किए जा रहे रिकॉर्ड नवाचारों के बारे में और अधिक जानकर खुशी हो रही है, जिनके परिणाम भारत की प्रगति यात्रा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि मैं आपसे कार्यक्रम में शामिल होने और हमारी युवा शक्ति का समर्थन करने का आग्रह करता हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज (19 दिसंबर) रात 9:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 के ग्रैंड फिनाले के प्रतिभागियों के साथ बातचीत करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री प्रतिभागियों को संबोधित भी करेंगे।











# 'अपराधों पर लगेगी नकेल, खुलेंगे साइबर क्राइम थाने'

## योगी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया, प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित किए जाएंगे...

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
उत्तर प्रदेश में बढ़ते हुए साइबर क्राइम के मामलों को देखते हुए योगी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित किए जाएंगे। सीएम योगी की अध्यक्षता में लोकभवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लग गई। इस निर्णय के साथ ही प्रदेश के सभी जनपदों में साइबर क्राइम थानों की मौजूदगी हो जाएगी। फिलहाल प्रदेश के सभी 18 मंडलों में साइबर क्राइम थाने मौजूद हैं। अभी तक आईजी स्तर का अधिकारी इन थानों को देखता था लेकिन सभी जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित होने के बाद पुलिस अधीक्षक इसकी जिम्मेदारी निभाएंगे।



**सवा अरब रुपए से ज्यादा का आएगा व्ययभार :** लोकभवन के मीडिया सेंटर में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बढ़ते साइबर क्राइम को देखते हुए सभी 75 जनपदों में साइबर थानों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। 18 मंडल मुख्यालयों में पहले से ही साइबर थाने मौजूद हैं, बल्कि अब बाकी बचे 57 जनपदों में भी थाने स्थापित करने का बड़ा निर्णय लिया गया है। इसकी स्थापना पर सरकार पर लगभग एक अरब, 27 करोड़, 24 लाख, 51 हजार रुपए से अधिक की धनराशि का व्यय भार अनुमानित है। सरकार तेजी से इस पर काम करने जा रही है और जल्द ही ये थाने स्थापित किए जाएंगे। इससे न सिर्फ साइबर क्राइम पर नजर रखी जा सकेगी, बल्कि उस पर प्रभावी कार्रवाई भी संभव हो सकेगी।

**साइबर क्राइम के मामलों में कन्विक्शन में सबसे आगे है उत्तर प्रदेश :** प्रदेश में साइबर क्राइम की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम में कन्विक्शन के मामले में यूपी सबसे ऊपर है। हमारा कन्विक्शन रेट नेशनल साइबर क्राइम के कन्विक्शन रेट से काफी बेहतर है। साइबर क्राइम के मामलों में नेशनल कन्विक्शन रेट 46.5 परसेंट है, जबकि हमारा कन्विक्शन रेट 87.8 परसेंट है। अब तक प्रदेश में 838 कन्विक्शन हुए हैं, जबकि दूसरे नंबर पर मौजूद मध्य प्रदेश में सिर्फ 59 कन्विक्शन हुए हैं। प्रदेश में 7122 क्रिमिनल अरेस्ट किए गए हैं, जबकि महाराष्ट्र में 2582 क्रिमिनल अरेस्ट किए गए। उत्तर प्रदेश में 2022 में 10,117 केस रजिस्टर हुए हैं।

**इन जनपदों में स्थापित होंगे साइबर क्राइम थाने:** उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, कानपुर देहात, इटावा, फतेहगढ़, कन्नौज, औरैया, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, बागपत, हापुड़, सुल्तानपुर, बाराबंकी, अमेठी, अंबेडकरनगर, एटा, हाथरस, कासगंज, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, महाराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा, संभल, प्रतापगढ़, फतेहपुर, कौशांबी, चित्रकूट व अन्य है।

### एनसीआर के 2.40 लाख अधूरे घरों का निर्माण किया जाएगा पूरा

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में एनसीआर के अधूरे पड़े 2.40 लाख घरों को पूरा करने की मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से खरीदारों को राहत मिलेगी। दरअसल, रियल स्टेट प्रोजेक्ट्स की समस्याओं के निदान के लिए नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था जिसने डेवलपर्स की खराब वित्तीय हालत को देखते हुए अपनी संस्तुतियां दी थी जिस पर निर्णय लिया गया है।
इससे रुकी हुई परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा और खरीदारों को फ्लैट मिल सकेंगे। कैबिनेट ने नगर निगम कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और आगरा के लिए म्युनिसिपल बांड जारी करने और स्थापना विकास निधि से क्रेडिट रेटिंग इन्वेस्टमेंट के लिए धनराशि उपलब्ध कराए जाने को स्वीकृति दे दी है।
बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रेस कांफ्रेंस में फैसलों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैठक में प्रदेश के 57 जिलों में साइबर क्राइम पुलिस थानों की स्थापना की मंजूरी दे दी गई है।
उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम में आरोपियों की गिरफ्तारी से लेकर उन्हें सजा दिलाने और वसूली में यूपी देश में अव्वल है।

# केजरीवाल ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
इंडी गठबंधन (इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस) की आज दिल्ली में बैठक होगी। इससे पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तमिलनाडु भवन में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात की। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने सोमवार की शाम को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की थी। दिल्ली में कथित शराब नीति घोटाले के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से दूसरी बार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन भेजा गया है, जिसमें 21 दिसंबर को उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल इस मुद्दे पर भी विपक्षी नेताओं को अपने समर्थन में करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे इंडी गठबंधन की बैठक में इस मुद्दे को लेकर भी बात हो और केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठा सकें। उल्लेखनीय है कि पटना, बेंगलुरु और मुंबई के बाद दिल्ली में विपक्षी एकता की आज चौथी बैठक है।

# 'संसद सुरक्षा उल्लघंन जितना ही खतरनाक है उसका समर्थन'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को संसद में विरोध प्रदर्शन को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि वे हालिया विधानसभा चुनाव में हार से बौखला गए हैं और हताशा में संसद को बाधित कर रहे हैं। संसद पुस्तकालय भवन में भारतीय जनता पार्टी संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए, मोदी ने यह भी कहा कि संसद में विपक्ष का आचरण सुनिश्चित करेगा कि 2024 के चुनावों में उसकी संख्या कम होगी और भाजपा को संख्या में लाभ होगा। विधानसभा चुनाव में हार से विपक्ष बौखला गया है और हताशा में संसद को बाधित कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आईएनडीआईए गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि गठबंधन का लक्ष्य हमारी सरकार को उखाड़ फेंकना है, लेकिन हमारी सरकार का लक्ष्य देश के लिए उज्ज्वल भविष्य बनाना है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने सभी को बताया कि अगर वह दिल्ली में हैं तो 2014 के बाद से उन्होंने एक भी (संसदीय पार्टी) बैठक नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने संसद सुरक्षा उल्लंघन को उचित ठहराने के प्रयासों पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि कुछ दल एक तरह से संसद में सुरक्षा उल्लंघन का समर्थन कर रहे हैं, यह संसद की सुरक्षा उल्लघंन जितना खतरनाक है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में 13 दिसंबर को संसद के उल्लंघन के लिए बेरोजगारी और महंगाई को जिम्मेदार ठहराया था, जब दो प्रदर्शनकारी निचले सदन कक्ष में कूद गए और धुएं के डिब्बे खोल दिए। लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करने वाले सभी लोगों को सामूहिक रूप से संसद में सुरक्षा उल्लंघन की निंदा करनी चाहिए थी।
''लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करने वाली पार्टी खुलेआम या छुपे तौर पर इसे कैसे उचित ठहरा सकती है।

# संवाद, बहस और चर्चा भारतीय संसदीय लोकतंत्र का आधार

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संसद के भारत प्रकोष्ठ प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष मोर्टेन लोककेगार्ड तथा सुरक्षा एवं रक्षा उपसमिति की अध्यक्ष नथाली लोइसो के नेतृत्व में यूरोपीय संसद के एक प्रतिनिधिमंडल ने लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ मंगलवार को संसद भवन में बैठक की। मंदिर में बिरला ने कहा कि भारत विश्व का सबसे विशाल एवं जीवंत लोकतंत्र है। बिरला ने इस तथ्य की सराहना की कि संवाद, बहस और चर्चा भारतीय संसदीय लोकतंत्र का आधार हैं।
भारत की संवैधानिक प्रणाली में राज्य व्यवस्था के तीनों अंग नियंत्रण और संतुलन की पारदर्शी प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए सद्भाव से कार्य करते हैं।

# सभापति ने मिमिक्री मामले को लेकर जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी की ओर से उनकी मिमिक्री और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से वीडियो बनाए जाने को लेकर आपत्ति जताई। धनखड़ ने आज सदन में कहा कि उनका मजाक बनाया जाना और उस मजाक का कांग्रेस के एक वरिष्ठ सांसद की ओर से वीडियो बनाया जाना दुखद है। यह उनके पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कार्य है। धनखड़ ने कहा कि इससे ज्यादा गिरावट नहीं हो सकती। धनखड़ ने सदन में कांग्रेस नेता व राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उल्लेखनीय है



कि आज संसद परिसर के बाहर मकर द्वार पर विपक्षी नेताओं ने धरना दिया। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करते हुए नजर आए। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी उनका वीडियो बना रहे थे।



नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

# कांग्रेस विधायक ने विस अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/आणंद**
खंभात विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक चिराग पटेल ने मंगलवार सुबह गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी को अपना इस्तीफा सौंप दिया। लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस जब संगठन को मजबूत करने में जुटी है, पार्टी के लिए यह बड़ा झटका है। इससे पहले 13 दिसंबर को आम आदमी पार्टी के विसावदर सीट के विधायक भूपत भयाणी ने विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा था। कांग्रेस के गुजरात विधानसभा में 17 विधायक थे जबकि आआपा के पास 5



विधायक थे। दोनों ही पार्टियों से एक-एक विधायक के इस्तीफे के बाद अब कांग्रेस के पास 16 और आआपा के पास 4 विधायक शेष बचे हैं। भाजपा के पास 156 विधायक हैं। करीब 3 दशक बाद कांग्रेस ने पहली बार खंभात सीट पर जीत हासिल की थी। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की टिकट पर खड़े चिराग पटेल ने भाजपा के महेश रावल को 3711 मतों से हराया था। चिराग पटेल को 69069 मत मिले थे, जबकि भाजपा के महेश रावल को 65358 मत मिले थे।

**इस्तीफा**

**8 13 दिसंबर को आम आदमी पार्टी के विसावदर सीट के विधायक भूपत भयाणी ने विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा**

# जैक्लिन फर्नांडीज ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
ठग सुकेश चंदेशेखर से जुड़े 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले को रद्द करने की मांग को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री जैक्लिन फर्नांडीज ने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अधिवक्ता प्रशांत पाटिल और अमन नंदराजोग के माध्यम से दायर याचिका में फर्नांडीज ने ईडी की ईसीआईआर के साथ-साथ दूसरी पूरक शिकायत को रद्द करने की मांग की है।
याचिका में कहा गया कि ईडी द्वारा दायर किए गए सुबूत साबित करेंगे कि वह सुकेश चंद्रशेखर से पीड़ित हैं। जैक्लिन ने दावा किया कि गलत तरीके से कमाए गए ब्लैक-मनी को व्हाइट करने में उन्होंने कोई भूमिका नहीं अदा की है। ऐसे में उस पर धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 की धारा-तीन व चार तहत अपराध के लिए मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है। बता दें कि दिल्ली पुलिस ने पहले रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटरों शिविंदर सिंह और मालविंदर सिंह की पत्नियों से कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में चंद्रशेखर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, इसके अलावा देशभर में उनके खिलाफ कई मामलों में जांच चल रही थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्यवाही का सामना कर रहे चंद्रशेखर और उनकी पत्नी लीना पॉलोज को पहले दिल्ली पुलिस ने अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मामले में मकोका भी लगाया है।

# लोकसभा और राज्यसभा से 92 सांसदों के निलंबन को लेकर विपक्ष ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** और राज्यसभा से 92 सांसदों के निलंबन को लेकर विपक्ष ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में मंगलवार को संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।
आईएनडीआईए घटक दलों के सांसदों ने आज सुबह खड़गे के साथ बैठक की। उसके बाद सभी सांसद संसद भवन परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा के सामने एकत्र हुए और सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने सदन की गरिमा का अपमान किया है। संसद की सुरक्षा में सेंध के बावजूद वो संसद में आकर बयान नहीं देते। खड़गे ने कहा कि इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में सांसदों को निलंबित किया गया। ये लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने जैसा है। यह सदन की मयार्दा पर गहरी ठेस है। समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि जिस तरीके से सदस्यों को निलंबित किया जा रहा है, उससे यह लगता है कि सरकार विपक्ष विहीन संसद चाहती है। एनसीपी सांसद सुप्रिया




सुले ने कहा कि हम सिर्फ संसद की सुरक्षा में सेंध पर जवाब मांग रहे थे। हमें सदन से बाहर कर दिया गया। जो हो रहा है। यह ठीक नहीं है। सरकार का यह रवैया लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने वाला है।
उल्लेखनीय है कि 92 सांसदों के निलंबन के विरोध में आज विपक्षी सांसदों ने संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान खड़गे के साथ-साथ एनसीपी नेता शरद पवार, सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव, कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित कई अन्य सांसद मौजूद रहे।
संसद सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर संसद के अंदर विरोध प्रदर्शन करने के चलते दोनों सदनों से अभी तक विपक्ष के 92 सांसद निलंबित किए जा चुके हैं। निलंबन के विरोध में आज कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। विपक्ष लगातार मांग कर रहा है कि संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर केन्द्रीय गृह मंत्री संसद के दोनों सदन में जवाब दें।
पिछले सप्ताह बुधवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान दो युवक दर्शक दीर्घा से सदन में कूद गए थे।
युवक अपने जूते में स्प्रे छिपाकर लाए थे। उसे उन्होंने सदन में स्प्रे कर दिया और सदन में पीला धुआं फैल गया था।

# एनआईए ने माओवादियों के खिलाफ दूसरा पूरक आरोप पत्र किया दायर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आतंकी वित्तपोषण नेटवर्क मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सीपीआई (माओवादी) के दो और आरोपितों के खिलाफ दूसरा पूरक आरोप पत्र सोमवार को दायर कर दिया । यह पूरक आरोप पत्र बिहार निवासी विजय कुमार आर्य उर्फ विजय आर्य उर्फ दिलीप और आनंद पासवान उर्फ आनंदी पासवान के खिलाफ झारखंड के रांची में एनआईए की विशेष अदालत के समक्ष दायर किया गया। विजय और आनंद दोनों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120 (बी) के तहत आरोप लगाए गए हैं। एनआईए ने 30 दिसंबर, 2021 को स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया था।
इन पर आरोप है कि ये यह बिहार के मगध क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयासरत थे। एनआईए ने इस मामले में अब तक पांच आरोपित व्यक्तियों-तरुण कुमार, प्रद्युम्न शर्मा, अभिनव उर्फ गौरव, आनंदी पासवान और विजय कुमार आर्य को गिरफ्तार किया है।

# गुजरात के कर्णावती में तैयार हुआ है श्रीराम मंदिर का परिक्रमा स्तंभ

**टीम एक्शन इंडिया/कर्णावती**
अयोध्या में निमार्णाधीन भव्य श्रीराम मंदिर के लिए देशभर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जनवरी को भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य यजमान होंगे। इसके लिए देश भर में एक उत्साह को माहौल है। जहां मुख्य मंदिर के निर्माण का कार्य अयोध्या में चल रहा है वहीं उस मंदिर परिसर में स्थापित होने वाले परिक्रमा स्तंभ का निर्माण गुजरात के कर्णावती में हो रहा है। वैसे भी गुजराती समाज हमेशा से ही अयोध्या आंदोलन में बढ़चढकर भाग लेता रहा है। उसे इस बात की प्रसन्नता है कि मंदिर निर्माण के साथ जिस स्तंभ पर हिन्दू विजय की





पताका फहरायी जाएगी, उसका निर्माण उसके प्रदेश में हो रहा है।श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य द्वार के सामने स्थापित होने वाले परिक्रमा स्तंभ, द्वार के मिजागरे और ताले का निर्माण कर्णावती महानगर में हो रहा है। मंदिर परिसर में स्थापित होने वाला मुख्य स्तंभ 35 फीट ऊंचा है। इसका वजन 7500 किलोग्राम है। इस स्तंभ को चारों तरफ से 6 छोटे स्तंभों के माध्यम से घेरा जाएगा, यह छोटे स्तंभ 12 फीट के होंगे। 42 द्वार के मिजागरे (कुंडी), ताला तथा 42 झुम्मर के हुक आदि का निर्माण भी कर्णावती के गोता में स्थित अंबिका इंजीनियरिंग में हो रहा है। मंगलवार को अखिल भारतीय आचार्य सभा के प्रमुख स्वामी परमात्मानंदजी महाराज, श्री चैतन्य संभु महाराज, स्वामी अविचलदास जी महाराज सहित संतों ने अयोध्या भेजे जाने से पूर्व परिक्रमा स्तंभ का पूजन किया।

# राजेश जून को मिला सौलधा गांव का समर्थन

## अहरी, माछरौली व जहांगीरपुर में आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**

**सौलधा** गांव वासियों ने राजेश जून के समर्थन का किया ऐलान, राजेश जून जिंदाबाद के लगाए नारे गांव वासियों ने कहा कि ऐसा समाजसेवी मिलनसार सबके सुख-दुख में शामिल होने वाला व्यक्ति जो पिछले 15 साल सालों से समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ जुड़ा हुआ है ऐसा व्यक्ति हमारा आने वाला विधायक है। ज्ञात हो कि हल्का बहादुरगढ़ युवा कांग्रेस अध्यक्ष सचिन जून पुत्र राजेश जून के कांग्रेस की यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो मुहिम के तहत गांव में डोर टू डोर प्रचार के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए एक स्वर मे गांव वासियो ने कहा कि राजेश जून ही हमारा आने वाला विधायक होगा



युवा जोड़ों हरियाणा जोड़ो कांग्रेस की मुहिम के तहत सचिन जून ने गांव सोलधा के हनुमान मंदिर में पहुंचकर माथा टेक आशीर्वाद लिया साथ ही उपस्थित जनों व बुजुर्गों के पैर छूकर व युवाओं से गले मिलकर यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो मुहिम का प्रचार किया गांव में पहुंचने पर सचिन जून का फूलों की माला पहनाकर व पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया। गांव वासियों द्वारा दिए गए मान सम्मान के लिए आभार जताते हुए सचिन जून ने कहा कि मैं और मेरा परिवार हमेशा आप लोगों के हर दुख सुख में साथ खड़े हैं और 24 घंटे आपकी सेवा में तत्पर हैं और रहेंगे । गांव में प्रचार के दौरान सचिन जून ने युवाओं को कांग्रेस का पटका पहनाकर व कांग्रेस का बैंड भेंट कर पार्टी से जोड़ने का काम किया।

बड़ी संख्या में गांव के युवाओं बुजुर्गों ने सचिन के साथ गांव में डोर टू डोर प्रचार किया जगह-जगह सचिन जून के स्वागत में जलपान की व्यवस्था की गई। गांव के ऐतिहासिक हनुमान मंदिर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सचिन जून ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में हरियाणा प्रदेश में चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है और एक बार फिर से चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास मे नंबर वन प्रदेश बनेगा।

इस अवसर पर नरसिंह दलेल सिंह नफे सिंह कैप्टन रामपाल, हुकुमचंद जय भगवान मांगेराम रामचंद्र रामकिशन जगवंत सुरेंद्र नंबरदार मेहर सिंह नंबरदार प्रदीप प्रधान, नवीन रवि कपिल योगेश मोहित अनिल उमेद ओमप्रकाश रामफल सूरजभान सूबेदार जगफुल कुलदीप नरेंद्र महावीर सतवीर सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# दुनिया, वंश व परंपरा से नहीं, बल्कि योग्यता के दम पर चलती हैं: जयभगवान

**टीम एक्शन इंडिया/राई**

जीवन में अगर कुछ कर गुजरने की तमन्ना है तो उसे पूरी लग्न व परिश्रम से करना चाहिए। लोग क्या कहेंगे, इस बारे में सोच कर समय व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए क्योंकि लोग तब भी चर्चा करते हैं, जब आदमी कुछ नहीं करता है।

उक्त बातें मंगलवार को किशोरा गांव में सिविल जज के पद पर चयनित होकर पहुंची हिमानी देशवाल के सम्मान समारोह में आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कही है।

जयभगवान आंतिल ने 11 हजार रूपए देकर हिमानी देशवाल को सम्मानित करते हुए कहा कि आजकल दुनिया वंश परंपरा से नहीं, बल्कि योग्यता के दम पर चलती हैं।



असफलता से सीख लेकर निरंतर सफलता का प्रयास करते रहना चाहिए। समय गंवाना किसी चूक से कम नहीं है। यह भी सच है कि विद्यार्थी जीवन में मेहनत से अर्जित की गई शिक्षा कभी बेकार नहीं जाती है।

यह सच करके बेटी हिमानी देशवाल ने साबित कर दिया है। आंतिल ने कहा कि क्षेत्र की बेटियों को हिमानी देशवाल से प्रेरणा लेकर बच्चे मेहनत करें और लगन के साथ शिक्षा अर्जित करें।

# टैक्स 31 दिसंबर तक 100 फीसदी ब्याज पर छूट के साथ जमा करवा सकेंगे




**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

नगरपालिका के बकाया प्रोपर्टी टैक्स का एकमुश्त में भुगतान करने पर अब ब्याज पर 100 फीसदी छूट मिलेगी। शहर में बकायेदार लोगों को प्रोपर्टी टैक्स के ब्याज से राहत दिलाने के लिए सरकार की तरफ से 31 दिसंबर तक का समय निर्धारित किया गया है। नगरपालिका सचिव पवित्र गुलिया ने बताया कि पालिका क्षेत्र में बकाया प्रापर्टी टैक्स के ब्याज पर 100 फीसदी छूट पाने के लिए 31 दिसंबर तक का समय निर्धारित किया गया है। योजना के तहत ब्याज के अलावा प्रोपर्टी टैक्स की मूल राशि एक मुश्त चुकाने पर भी 15 प्रतिशत की छूट सरकार द्वारा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2010-11 से 2022-23 तक के बकायेदारों इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। पालिका द्वारा लोगों को प्रोपर्टी टैक्स भी भेजे गए हैं।

अगर किसी व्यक्ति को प्रोपर्टी टैक्स का बिल नहीं मिला है तो वह किसी भी कार्यदिवस पर नगरपालिका में आकर अपने बिल से संबंधित सूचना प्राप्त कर सकता है। यह योजना सभी तरह के प्रोपर्टी टैक्स दाताओं पर लागू होगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह सरकार की इस योजना का लाभ उठा कर अपना बकाया प्रोपर्टी जमा करवाएं।

# 'भाजपा सरकार प्रदेश की जनभावनाओं से कर रही है खिलवाड़'

**पानीपत, कमाल हुसैन पूर्व मुख्यमंत्री** भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हे कांग्रेस सरकार की हितैषी नीतियों से अवगत करा रहे हैं। सचिन कुंडू ने हल्का पानीपत ग्रामीण की *साईं कॉलोनी* (सौदापुर चौक)में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान चलाया गया

और जनता को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार की नाकामियों को उजागर करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपाझजजपा सरकार सत्ता के नशे में चूर है। सरकार ने प्रदेश की भोली जनता को नजरअंदाज कर दिया है। सचिन कुंडू ने कहा कि



भाजपा सरकार का मकसद केवल सत्ता पाना था। प्रदेश की भोली भाली जनता को झूठे वादे कर सत्ता में आ गए और जनता को किए वादे भूल गए। आज विधायक भाजपा सरकार के पार्षद भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री भाजपा सरकार के हैं फिर भी हालात जस के तस बने हुए हैं। आगे बोलते हुए सचिन कुंडू ने कहा कि हल्का पानीपत ग्रामीण की समस्त कालोनियों में किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। सड़कें टूटी हुई हैं व जगह जगह खड्डे हुए पड़े हैं, सीवरेज नहीं हैं नालियों बंद पड़ी हैं का पानी रास्तों में भर रहा है, जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है।

परंतु सरकार ने कालोनीवासियों की मांगो को नजरंदाज कर दिया है । वर्तमान सरकार में किसान अत्यंत दुखी हैं, उद्योग जगत चौपट पड़े हैं, युवा बेरोजार सड़कों पर घूम रहे हैं, खिलाडियों को सम्मान के लिए संघर्ष करना पड़ा रहा है आदि। प्रदेश के हर वर्ग में इस जनविरोधी सरकार के प्रति रोष है जिसके चलते चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर एकबार फिर से प्रदेश को खुशहाली व विकास की राह पर लौटाया जायगा। इस अवसर पर..... दीपक खटकड़, सतबीर लोहान, कृष्ण आसन, बारी राम, दिनेश, पाला राम, महेश पांडे, संदीप, सतबीर सिंह, महेंद्र मोहित बिंझौल, तेजी चंदौली, संदीप बुडशाम आदि अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# लायन्स क्लब के पूर्व प्रधान की मां के निधन पर जताया शोक

**गन्नौर।** लायन्स क्लब के पूर्व प्रधान विपिन त्यागी व एडवोकेट अक्ष्य त्यागी की दादी के निधन पर शहर के गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए भगवान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। विपिन त्यागी ने बताया कि उनकी श्रद्धांजलि सभा 31 दिंसबर को राम मन्दिर बादशाही रोड के परिसर में होगी। उनके निधन पर नगरपालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, समाजसेवी हरीश वधवा, प्राध्यापक विजय कुमार, जजपा नेता अनिल त्यागी, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान गौरव त्यागी, मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के निदेशक देवेन्द्र कादियान, हरीश मदान, जितेन्द्र दहिया आदि ने उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

# स्वामी ज्ञानानंद महाराज गन्नौर में करेंगे गीता यज्ञ

**गन्नौर।** गीता जयंती के अवसर पर रेलवे रोड स्थित कोर्ट परिसर में 21 दिसंबर को गीता यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होंगे और गीता महा यज्ञ में आहुति डालकर सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय की कामना करेंगे। विधायक निर्मल चौधरी ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज विश्व शांति व समृद्धि के लिए गीता यज्ञ में आहूति डालेंगे। यज्ञ करने के बाद स्वामी ज्ञानानंद महाराज गीता का ज्ञान भी बांटेंगे। विधायक ने क्षेत्र के लोगों से गीता यज्ञ में पहुंच कर धर्म लाभ उठाने का आह्वान किया।

# अंडर-17 नेशनल फुटबाल प्रतियोगिता में खेलेगा साहिल

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा स्कूल खेल प्रतियोगिता में चयनित अंडर 17 फुटबाल प्रतियोगिता में हरियाणा की नेशनल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए मंगलवार की शाम को रवाना हुई।

गांव राजलू गढ़ी से अंडर 17 में राजलू गढ़ी गांव का खिलाड़ी साहिल को गांव के रेलवे स्टेशन से अंडमान निकोबाद के लिए रवाना करते हुए खेल प्रेमियों व फुटबाल कोच मंजीत राठी, साहिल के दादा त्रिलोक चंद शर्मा,



करतार राठी, राजसिंह चौपड़ा, सुरेन्द्र राठी, रमेश आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खिलाड़ी साहिल ने बताया कि शिक्षा विभाग की ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता से प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के कारण उनका चयन हरियाणा की टीम में नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। स्टेट प्रतियोगिता पानीपत में हुई थी, जहां उनका टीम में चयन हुआ। साहिल ने बताया कि इससे पहले भी वह अन्य प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुका है। अंडामन निकोबार की राजधानी पोर्ट ब्लेयर में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम में नेशनल प्रतियोगिता 27 दिसंबर से 5 जनवरी तक होगी। प्रतियोगिता में पदक जितने की तैयारी में वह अपनी टीम के साथ पिछल्ले दिनों से लगा हुआ था। इस मौके पर पुनीत राठी, युदबीर, राहुल, कुलदीप राठी, प्रवीन राठी आदि मौजूद थे।

# दिव्यांग बच्चों को आगे बढ़ने का दिया जाए अवसर: कादियान



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में गांव बड़ौत स्थित होली फैमिली आश्रम में दिव्यांग कल्याण एकता सोसायटी के तत्वाधान में दिव्यांग जन प्रोत्साहन-सम्मान समारोह आयोजित किया। प्रगति समाज सेवा सोसायटी करनाल का समारोह में सहयोग रहा। बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसके उपरांत नृत्य, गायन, रेस व स्माइल कम्पीटिशन कराया गया, जिसमें दिव्यांगजनों ने उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर तालियां बटोरी। मुख्यातिथि कादियान ने विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ ही 20 दिव्यांगों को सम्मानित किया। कादियान ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। दिव्यांग बच्चों के अंदर भी उनकी अपनी प्रतिभा छिपी होती है। अगर इन बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर दिया तो ये अपने माता-पिता का नाम रोशन कर सकते है। कार्यक्रम में कादियान ने भरोसा दिलाया है कि वे दिव्यांग बच्चों की जरूरत के समय मदद करने को तैयार है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि संदीप बत्रा ने यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और शपथ दिलाई। इससे पहले समारोह में पहुंचे मेहमान देवेंद का फूलमाला से स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। मौके पर शिक्षिका अनुराधा गौतम, राजपाल छिक्कारा, हर्ष दीवान, मेहर सिंह, गोवर्धन शर्मा, कुलदीप, तिलकराज, हरीश, विजय खोखर, ताराचंद, कविता, प्रवीन राठी, मोनू, मरीन चैरियन आदि मौजूद रहे।

# वार्षिक मार्केट फीस वसूली के खिलाफ सब्जी मंडी के आढ़तियों की प्रदेश व्यापी हड़ताल आज

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा**

**प्रदेश** की सभी सब्जी मंडी बुधवार को बंद रहेगी इसी कड़ी में समालखा सब्जी मंडी के आढ़तियों ने भी वार्षिक मार्केट फीस वसूली के सरकार तुगलकी आदेश के खिलाफ एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल करने का फैसला किया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए समालखा न्यू सब्जी मंडी एसोसिएशन के प्रधान संजय बैनीवाल ने बताया कि सब्जी मंडी के आढ़ती के पास जितना भी माल आता है उसकी हर रोज नोट कराया जाता है जिससे आढ़ती से सप्ताह में एक बार मार्केट फीस वसूली जाती है, लेकिन अब सरकार के नए आदेश के मुताबिक आढ़ती के पास चाहे माल आओ ओर चाहे ना आओ लेकिन उसे साल में एक बार इक्ठ्ठी मार्केट फीस जमा करवानी होगी। सरकार के इस आदेश के खिलाफ सब्जी मंडी के आढ़ती बुधवार को प्रदेश व्यापी हड़ताल करेंगे। सब्जी मंडी प्रधान संजय बैनीवाल ने कहा कि सब्जी मंडी का कोई भी आढ़ती न तो माल खरीदेगा ओर न ही बचेगा।

# सांस की बीमारी मिनटो में सामने लायेगी मशीन: डॉ. टांगरी

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र/शाहबाद (दलबीर मलिक)**शाहाबाद के मोहड़ी गांव में स्थित आदेश मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में बढ़ते चेस्ट रोगियों के लिए डी.एल.सी.ओ. मशीन लगाई गई है। यह जानकारी देते हुए छाती रोग विशेषज्ञ डा. नीतिन टांगरी ने बताया कि डी.एल.सी.ओ. मशीन मात्र दस मिनटों में सांस रोग के हर कारण को सामने लाने का काम करेगी। सांस रोग का कारण छाती से सम्बंधित हो या फिर हृदय से या फिर अन्य कोई भी कारण हो उसकी जानकारी इस मशीन से जांच के बाद तुरंत जाएगी। उन्होंने कहा कि सबसे विशेष यह कि यह मशीन फेफड़ों में सिकुड? की जानकारी तो देगी ही वहीं रोग के शुरूआती स्टेज का भी उसी क्षण



बता लग जाएगा। डा. टांगरी ने कहा कि मेडिकल के क्षेत्र में डी.एल.सी.ओ. मशीन रोगियों के लिए विशेष महत्व रखती है और उन्होंने कहा कि करनाल से लेकर अंबाला तक और पिहोवा से लेकर यमुनानगर तक के रोगी इस मशीन का लाभ आदेश अस्पताल में ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस मशीन से जांच का फायदा यह होगा कि इससे जहां छाती से सम्बंधित रोगों का पता लगाया जा सकेगा वहीं यह जानकारी मिल सकेगी कि रोगी मात्र छाती रोग से पीड़ित है उसके फेफड़ों और हृदय में किसी तरह की कोई परेशानी आ रही है। जिससे व्यक्ति की सही बीमारी सामने आ सकेगी और रोगी को समय पर उसी बीमारी का उपचार मिल सकेगा। डा. टांगरी ने कहा कि छाती या श्वास में दिक्कत होने पर ज्यादातर उसे अस्थमा या निमोनिया समझ लिया जाता है लेकिन असल में वह बीमारी किडनी या हृदय रोग से भी जुड़ी हो सकती है। लेकिन यह मशीन उस रोग को सामने लाएगी रोगी जिस रोग से पीड़ित है। उन्होंने कहा कि अगर किसी के शरीर में खूनी की कमी है।

# योग से मधुमेह सहित सभी रोगों का निवारण संभव है: श्रीनिवास

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग द्वारा आयोजित 8 दिवसीय ध्यान योग शिविर के तीसरे दिन आज योग भारती, आरोग्य भारती एवं विद्या भारती ने संयुक्त रूप से योगाभ्यास करवाया । हरियाणा योग आयोग की ओर से मुख्य अतिथि योग भारती संस्था के संस्थापक माननीय श्रीनिवास मूर्ति जी व विशिष्ट अतिथि आरोग्य भारती के डॉ श्याम जी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया । मुख्य अतिथि श्रीनिवास मूर्ति, विशिष्ट अतिथि डॉ श्याम , हरियाणा योग आयोग के प्रथम रजिस्ट्रार डॉ हरिश्चंद्र, आयोग के सदस्य एवं योग भारती के प्रांत प्रभारी डॉ कुलदीप सिंह, आयोग



के सदस्य एवं शिविर के संयोजक डॉ मनीश कुकरेजा, मंच संचालक गुलशन कुमार ग्रोवर सहित शिविर की प्रतिभागी योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । योग भारती के संस्थापक माननीय श्रीनिवास मूर्ति ने सूक्ष्म योगाभ्यास एवं ऐसी ऐसी अद्भुत योग क्रियाएं करवाईं और घरेलू व प्राकृतिक इलाज व आहार के बारे बताया जिस से मधुमेह सहित कई रोगों का निवारण हो सकता है । उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए हाथ पैर गर्म, पेट नरम, सिर ठंडा रखने की सलाह दी । उन्होंने कहा कि चार सफेद वस्तुएं - चीनी, मैदा, आयोडाइज्ड नमक और रिफाइंड ऑयल - हमारे स्वास्थ्य को निरंतर खराब कर रही हैं । इन की जगह हम गुड़, मोटे अनाज का आटा, सेंधा या काला नमक तथा सरसों, मूंगफली, तिल या नारियल का तेल अथवा कम मात्रा में देसी गाय का घी प्रयोग करके स्वस्थ रह सकते हैं । श्रीमद् भागवत गीता जीवन जीने की कला सिखाती है । विशेषता रही कि आज बच्चे, युवा, वृद्ध, महिला, पुरुष सभी ने योगाभ्यास किया । विजडम वर्ल्ड स्कूल के योगासन खेल के विद्यार्थियों द्वारा सुंदर योग प्रदर्शन किया गया । मुख्य अतिथि श्रीनिवास मूर्ति, विशिष्ट अतिथि डॉ श्याम, अरुण, योगाचार्य जगतार सिंह, बहन पूनम, बहन निशि तथा योगासन खेल की प्रस्तुति देने वाले सभी विद्यार्थियों को आयोग की ओर से समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के अंत में आयोग के प्रथम रजिस्ट्रार डॉ हरिश्चंद्र ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि सहित उपस्थित सभी साधक साधिकाओं का धन्यवाद किया और बताया कि कल दिव्य योग मंदिर संस्था द्वारा कार्यक्रम करवाया जाएगा ।

उल्लेखनीय है कि आयोग की बहन प्रियंका, बहन निशा, भैया नीरज सहित सभी योग संस्थाओं के कर्मठ कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में दिन रात मेहनत कर रहे हैं । आयोग द्वारा ब्रह्म सरोवर के उत्तर पश्चिमी तट पर स्टॉल नंबर 751व 752 में सुंदर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा उपचार पर प्रदर्शनी लगाई गई है । आयोग के कर्मठ अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य ने गीता महोत्सव में आने वाले पर्यटकों से आह्वान किया है कि वे इस प्रदर्शनी का पूरा-पूरा लाभ उठाएं ।

# सोनीपत: वार्ड-4 में नहीं होगी विकास कार्यों में कोई कमी: पार्षद बबीता त्रिभुवन कौशिक

**सोनीपत।। संजीव कौशिक।।**

**आज** वॉर्ड 04 के अंदर आने वाले दिल्ली कैंप में नई सीवर लाइन डालने का मूहर्त निगम पार्षद बबीता त्रिभुवन कौशिक ने किया। इस मौके पर पार्षद बबीता त्रिभुवन कौशिक ने कहा कि वार्ड चार की विभिन्न गलियों में 12 इंच की नई लाइन डाली जाएगी जिसकी लागत लगभग 26 लाख आयेगी। इससे दिल्ली कैंप को सीवर के समस्या से निजात मिलेगी । इस मौके पर मौजूद कॉलोनी वासियों ने निगम पार्षद बबीता कौशिक का धन्यवाद किया । इस मौके पर महेश जोहर, सरदार जीत सिंह, संजय, विजय, संदीप शर्मा, सिमरन शर्मा, विवेक,



मोना, महबूब, शकीला, सुनीता, आरती, जैकी, विकास, सुरेश, अजय, शशि, शकुंतला, कांता, कैलासो, आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### एमडी में दाखिला कराने का झांसा देकर ठगे 45 लाख

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**
**करनाल के** एक व्यक्ति के साथ डॉक्टर आफ मेडिसन (एमडी) में एडमिशन के नाम पर 45 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस शिकायत के बाद समझौता हुआ तो उस समझौते पर भी आरोपी खरे नहीं उतरे और समझौते को ही दरकिनार कर दिया।
आरोपियों ने शिकायतकर्ता को रिफंड के लिए तीन चेक भी दिए, लेकिन दो चेक बाउंस हो गए। अब न तो आरोपी शिकायतकर्ता से बात कर रहे हैं और न ही पैसे लौटा रहे हैं। लिहाजा पीडित ने मामले की शिकायत एसपी को कर दी। इसके बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सैक्टर-45 सीएचडी निवासी युद्धवीर सिंह ने गाजियाबाद निवासी दीपक आनंद व सहारनपुर निवासी अंशुल को अपने बच्चे का एमडी में एडमिशन करवाने के लिए 45 लाख रुपए दिए थे। दोनों ने दावा किया था कि जल्द ही एडमिशन हो जाएगा, लेकिन एडमिशन नहीं हुआ। इसके बाद युद्धवीर सिंह ने अपने पैसे वापस मांगे।
आरोपियों ने उसे टरकाना शुरू कर दिया और बार-बार चक्कर कटवाने शुरू कर दिए, जिससे परेशान पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को कर दी थी। शिकायत के बाद बीती 21 अगस्त को जांच अधिकारी ने मिलकर एक आपसी समझौता करवाया था, जिसके अनुसार आरोपी दीपक आनंद ने पूरी रकम देने की बात कही थी, लेकिन आज तक भी वह रकम पीड़ित को नहीं मिली।
शिकायतकर्ता ने बताया कि दीपक ने अंशुल से तीन चेक दिलवाए थे। जब उसने तीनों चेक बैंक में लगाए तो दो चेक बाउंस हो गए। इसके बाद आरोपियों से भी बातचीत का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने कोई बात नहीं की। पीडित का आरोप है कि दोनों ही शातिर और चालाक किस्म के व्यक्ति हैं और ये दोनों समय-समय पर अपना घर बदल कर रहते हैं और लोगों को धोखा देते हैं। इसके बाद उसने बीती 28 नवंबर को पुलिस अधीक्षक को सभी दस्तावेजों के साथ शिकायत दी, जिसमें आज मामला दर्ज हुआ। जांच अधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार, बेचने की फिराक में घूम रहा था

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**थाना चांदनी** बाग पुलिस टीम ने सेक्टर 25 में हनुमान चौक पर एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान जितेंद्र निवासी परमहंस कॉलोनी के रूप में हुई। आरोपी सोमवार को चोरीशुदा बाइक को बेचने के लिए ग्राहक की फिराक में घूम रहा था। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर कर्मवीर ने बताया कि थाना चांदनी बाग पुलिस की एक टीम सोमवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सेक्टर-25 में हनुमान चौक पर मौजूद थी। इसी दौरान एक संदिग्ध किस्म का युवक मित्तल मैगा माल की और से एचएफ डिलक्स बाइक पर आया। पुलिस टीम ने शक के आधार पर युवक को रोक कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान जितेंद्र पुत्र धर्मवीर निवासी परमहंस कॉलोनी के रूप में बताई। पुलिस टीम ने बाइक के कागजात मांगे तो युवक बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक बीते रविवार को मित्तल मैगा मॉल के बाहर से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में मृत्युंजय पुत्र राकेश निवासी बापौली की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। इंस्पेक्टर कर्मवीर ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए उसने उक्त बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी सोमवार को चोरीशुदा बाइक को बेचने के लिए ग्राहक की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर पूछताछ के बाद सोमवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

### जीवीएम कालेज ऑफ एजुकेशन की मिस-फ्रैशर का ताज सजा बीएड प्रथम वर्ष की दीक्षा के सिर पर

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
जीवीएम कालेज ऑफ एजुकेशन में आयोजित फ्रैशर पार्टी के तहत हुई रैंपवॉक स्पर्धा में बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा दीक्षा को मिस-फ्रैशर के खिताब से सुशोभित किया गया, जिन्हें ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मीनू अग्रवाल ने विजेताओं को बधाई देते हुए प्रथम वर्ष की छात्राओं का कालेज में विशेष रूप से अभिनंदन किया।
जीवीएम कालेज ऑफ एजुकेशन की फ्रैशर पार्टी का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। कालेज की प्राचार्या डा. मीनू अग्रवाल ने अतिथिं के साथ छात्राओं का स्वागत किया। बीएड द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने प्रथम वर्ष की छात्राओं के सम्मान में मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी, जिनमें हरियाणवी व पंजाबी डांस प्रमुख रूप से शामिल रहे। प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए रैंपवॉक का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

# 'स्वप्न साकार करने के लिए केन्द्र व प्रदेश की सरकार संकल्पबद्ध'

## गांव जैनपुर सधान व कैहरबा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। घरौंडा के** पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने गांव जैनपुर सधान व कैहरबा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अंत्योदय और गरीब कल्याण के स्वप्न को साकार करने के लिए केन्द्र व प्रदेश की सरकार संकल्पबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को हमको मिलकर पूरा करना होगा।
कार्यक्रम में भाजपा नेत्री मंजू भाटिया ने ग्रामीणों को देश को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने कहा कि भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं और जब हमारी आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे तब हर क्षेत्र में दुनिया में भारत सर्वप्रथम हो, ये संकल्प लेने के उद्देश्य से ही विकसित भारत संकल्प यात्रा देश प्रदेश की प्रत्येक पंचायत में पहुँच रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प जो हम सबने लिया है, यह संकल्प एक शब्द मात्र नहीं है, बल्कि देश के करोड़ों गरीबों को सबके बराबर लाने का एक पुनीत विचार है और इसमें हमें सबके संकल्प के बल को जोड ?ा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि आम आदमी सुचारू रूप से जिंदगी जिए और सरकार की



जनकल्याणिकारी नीतियों एवं योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले। उन्होंने कहा कि सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को प्राथमिकता दी है जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। गरीब परिवारों का चूल्हा धुंआ रहित हो, इसके लिए सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवार की महिलाओं को मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन दिए है। उन्होंने कार्यक्रम में सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं से संबंधित स्टालों का निरीक्षण किया और बताया कि इन स्टालों के माध्यम से आमजन को केन्द्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने स्टालों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कहा कि जो भी व्यक्ति उनके पास आता है उसे योजनाओं के बारे मार्गदर्शन करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ दिलवाने का कार्य करें।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने उज्जवला योजना के तहत गांव जैनपुर सधान की संतोष, राजवन्ती, अकबरी, पीन्की, मनजीत कौर व बतेहरी तथा गांव कैहरबा की कमलजीत कौर, जैसमीन, रजिया रीतू को मुफ्त गैस कनैक्शन भी वितरित किए गए। इसके अलावा कार्यक्रम में गांव जैनपुर सधान की सोनिया, काजल व कैहरबा के रामपाल व साधुराम की मौके पर ही पैंशन बनाई गई। इस दौरान वैन में लगी एलईडी पर लघु फिल्म के तहत उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का संदेश व सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया कि पात्र व्यक्ति किस प्रकार इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस मौके पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी साहब सिंह, बीपीएम कोमल, उद्यान विभाग के सुपरवाईजर डॉ. शुभम गांधी, मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन ईलम सिंह, भाजपा के मंडल अध्यक्ष अमनदीप सिंह विर्क, वरिष्ठद भाजपा नेता महम सिंह धीमान, रोहताश काम्बोज, अन्जू भाटिया, ग्राम सचिव संदीप, बलकार, संजीव काम्बोज, जैनपुर सधान के सरपंच नरेन्द्र डबास व कैहरबा के सरपंच नत्थू लाल तथा विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं कर्मचारी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने की हरियाणा सरकार को घेरने की तैयारी, पांच किसान संगठनों की हुई अहम बैठक

### मांगे नहीं मानी तो अंबाला, हिसार, रोहतक और करनाल में होगा प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**
**हरियाणा में** संयुक्त किसान मोर्चा ने हरियाणा सरकार को घेरने की तैयारी कर ली है। करनाल के गुरुद्वारा डेरा कार सेवा में मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा के पांच संगठनों की अहम बैठक हुई, जिसमें संगठनों ने सरकार की वायदा खिलाफी पर रोष व्यक्त किया और चार कमिश्नर लेवल पर प्रदर्शन करने का फैसला लिया। इसके लिए अलग-अलग तारीख तय की गई है। सरकार संगठनों की मांगों को पूरा नहीं करती है तो हरियाणा के अंबाला, रोहतक, हिसार और करनाल में आंदोलन होंगे।
आज हुई बैठक में क्रांतिकारी किसान यूनियन से सुखविंद्र औलख, भारतीय किसान मजदूर यूनियन से सुरेश कोथ, पगड़ी संभाल जट्टा यूनियन मनदीप सिंह, सर छोटू राम किसान यूनियन से छत्रपाल व अमृत सिंह बुग्गा, बाहदुर मैहला सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।
किसान नेता मनदीप सिंह ने बताया कि सरकार की वायदा खिलाफी से हरियाणा की किसान यूनियनों में रोष है और पांच संगठनों ने मिलकर एक बैठक ही है और पूरे हरियाणा में आंदोलन करने का फैसला लिया है, क्योंकि यूनियनों ने अपनी मांगों के संदर्भ में पहले भी सरकार से बातचीत की है, लेकिन सरकार अपनी बातों से ही मुकर जाती है। उन्होंने अपनी मांगों का जिक्र करते हुए कहा कि जुमला मुशतरका मालकाना, किसान की संपूर्ण कर्ज मुक्ति, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, एमएसपी को गारंटी कानून बनाए जाने, बेरोजगारी से मुक्ति, फसलों की बकाया मुआवजा राशि अदा करने, गन्ने की बकाया पेमेंट, सहकारी समितियों के मार्फत लोन पर लगने वाले तीन प्रतिशत ब्याज को छोड़ा जाए, मनरेगा मजदूरों को 200 दिन रोजगार देने और मनरेगा को खेती से जोड़ा जाए, ताकि किसानों को इसका फायदा मिल सके। इसके अलावा किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज मामलों को वापिस लिया जाए। 2013 का जमीन अधिग्रहण नियम वापिस लिए जाने और बिजली बिलो पर लगने वाले अनाप शनाप चार्ज को हटाए जाने की मांग की जा रही है।
किसान नेता सुरेश कोथ ने बताया कि आज की मीटिंग में सभी मुद्दों पर खुलकर चर्चा की गई है। हरियाणा के किसानों के साथ सरकार धोखा दिया है।

## जरूरतमंद की सहायता करना भगवान की सच्ची सेवा: डॉ. अशोक वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।** मानव मित्र मंडल के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष प्रोफेसर राम रतन शर्मा के दिशानिदेर्शों और मार्गदर्शन में डीएवी गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कर्ण ताल में 25 विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की गई। मानव मित्र मंडल के संयोजक भारतेन्दु हरीश ने बताया कि विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में जर्सी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जर्सी वितरण कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पधारे।



मानव मित्र मंडल के महासचिव रमेश शर्मा, करनाल शाखा प्रभारी कुलदीप शर्मा, मीडिया प्रभारी नरेश सैनी की उपस्थिति में यह वितरण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। किसी जरूरतमंद की सहायता करना भगवान की सच्ची सेवा है। मानव मित्र मंडल का नारा सबल बने निर्बल का सहारा बहुत ही सार्थक सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें। मानव मित्र मंडल के महासचिव रमेश शर्मा ने कहा कि मनुष्य का जीवन बहुत भाग्य से प्राप्त होता है। ऐसे में सभी को जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए। मीडिया प्रभारी नरेश सैनी ने विद्यार्थियों आशीर्वाद दिया।

## 'मोदी सरकार का सपना है की गांव में किसी भी तरह की समस्या न रहे'

### गांव राजगढ़ में जन समूह को विकसित भारत बनाने में सहयोग देने की दिलाई शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। विकसित** भारत संकल्प यात्रा नीलोखेड़ी खण्ड के गांव राजगढ़ में पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नीलोखेड़ी के पूर्व विधायक भगवानदास कबीर पंथी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे और ग्रामीणों द्वारा उनका फूल गुलदस्ते देकर स्वागत किया गया।
विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रति ग्रामीणों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। स्कूली बच्चों व ग्रामीणों ने मोदी सरकार की गारंटी वाली



गाड़ी का स्वागत किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संबोधन एलईडी के माध्यम से सुना। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा जन संवाद कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा स्कूल परिसर में स्टॉल लगाए गए थे, जिन पर जाकर ग्रामीणों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली और लाभ उठाया। पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब मिलकर ही भारत को विकसित कर सकते हैं। इस दिशा में हमें जोरदार प्रयास करने होंगे। इसमें सभी ग्रामीण सहयोग देंगे, तभी यह संभव होगा। उन्होंने कहा कि देश की बड़ी आबादी गांव में रहती है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार का सपना है कि गांव में किसी भी तरह की समस्या ना रहे, तभी भारत विकसित होगा। उन्होंने कहा कि गांव-गांव जाकर सरकारी अधिकारी लोगों की समस्याओं को सुन रहे है व मौके पर उनका निदान कर रहे है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे। अब मोदी के सेवाकाल में अधिकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए मोदी की गारंटी का रथ लेकर गांव-गांव आ रहे हैं। नरेन्द्र मोदी की सोच है कि हर पात्र व्यक्ति को लोक हितैषी योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने हरियाणवी संस्कृति से जुड़े गीत गाकर लोगों का मनोरंजन किया, वहीं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने मंच के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

## दो छात्राएं संदिग्ध परिस्थितियों में हुई लापता

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। करनाल** में दो छात्राएं संदिग्ध हालातों में लापता हो गई, जिसमें एक कॉलेज छात्रा है और दूसरी स्कूली छात्रा है। कॉलेज छात्रा एग्जाम देने के लिए गई थी और स्कूली छात्रा स्कूल में पहुंची ही नहीं। परिजनों ने अपनी-अपनी बेटियों की तलाश की, लेकिन किसी का कोई भी सुराग नहीं लग पाया। परिजनों की शिकायत के आधार पर गुमशुदगी रपट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है। सिविल लाइन थाना के तहत आने वाले गांव की 19 वर्षीय छात्रा सोमवार को एक प्राइवेट कॉलेज में बीए के एग्जाम देने के लिए गई थी। एग्जाम डेढ़ बजे से 4 बजे तक था। शिकायत के अनुसार वह घर से एक घंटे पहले ही निकल गई थी, ताकि समय पर कॉलेज पहुंच सके। 4 बजे पेपर खत्म होने के बाद साढ़े पांच बजे तक छात्रा को घर लौटना था, लेकिन वह 7 बजे तक भी घर नहीं पहुंची। छात्रा के पास कोई मोबाइल भी नहीं है। परिजनों की चिंता बढ़ती चली गई। उन्होंने उसकी सहेलियों से भी कॉल करके पूछताछ। कॉलेज में जाकर भी जानकारी ली, लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग पाया। घर वाले अपनी बेटी की तलाश में भटकते रहे। रिश्तेदारों से भी छात्रा के विषय में पूछा। वह रिश्तेदारों के पास भी नहीं गई थी। सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी। जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि कॉलेज छात्रा के लापता होने की शिकायत मिली है। तलाश जारी है। दूसरा मामला सिटी थाना क्षेत्र का है। करनाल की एक कॉलोनी से 21 वर्षीय स्कूली छात्रा स्कूल के लिए घर से निकली थी। परिजन निश्चिंत थे कि उनकी बेटी स्कूल में गई है, लेकिन परिजनों के पैरों तले से जमीन उस वक्त खिसक गई, जब स्कूल से कॉल आया कि उनकी बेटी स्कूल में आई ही नहीं। छात्रा की मां ने भी स्कूल प्रबंधन को बताया कि उनकी बेटी घर भी नहीं लौटी है। ऐसे में उनकी चिंता बढ़ गई और उन्होंने तलाश शुरू कर दी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव हथवाला और डीकाडला में पहुंची

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**विकसित भारत** संकल्प यात्रा अभियान के तहत सरकार की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह बात भाजपा के जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर ने गांव डिकालडा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ दिलाते हुए कही। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके।

## करनाल: बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। जिला** बार एसोसिएशन का आज शपथ ग्रहण समारोह हुआ, जिसमें प्रधान संदीप चौधरी ने दूसरी बार कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली। प्रधान के साथ बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने भी शपथ ली।
प्रधान संदीप चौधरी ने कहा कि उनको जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसको वे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे। नई कार्यकारिणी में गोपाल चौहान को उपप्रधान बनाया गया है। विकास संधू को जनरल सेक्रेटरी, अमरजीत धानिया को ज्वाइंट सेक्रेटरी और



मनोज गांधी को ट्रेजरार नियुक्त किया गया है। संदीप चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने व उनकी कार्यकारिणी ने अपने पिछले कार्यकाल में पारदर्शिता के साथ काम किया और इस कार्यकाल में भी उसी प्रकार से काम किया जाएगा। किसी भी वकील साथी पर किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। पिछले कार्यकाल में जिस काम का जिम्मा लिया गया था, उसमें से 99 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया था। सिर्फ निर्माण का ही काम बचा हुआ है और वह भी अब पूरा हो जाएगा। पहली कलम से चैंबरों की शुरूआत होगी। बच्चों के साथ आने वाली महिला वकीलों के लिए क्रेच तैयार किए जाने के सवाल पर संदीप चौधरी ने कहा कि महिला वकीलों की मांग को हाईकोर्ट ने भी समझा है। अभी लिटिगन हॉल के अंदर निर्माण का कार्य चल रहा है और जल्द ही क्रेच शुरू किया जाएगा। उन्होंने युवा वकीलों के संदर्भ में कहा कि कोर्ट में बहुत से वकील बिना चैंबर के कार्य कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के आशातीत परिणाम आ रहे सामने: मीणा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। नगर निगम,** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को मकान निर्माण के लिए अनुदान राशि मुहैया करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसके आशातीत परिणाम भी सामने आ रहे हैं।
नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि योजना के तहत करनाल शहरी क्षेत्र में 2 हजार 134 आवेदकों ने उक्त राशि प्राप्त करने के लिए फार्म भरे थे। जांच-पड़ताल के बाद 791 आवेदक पात्र पाए गए, जिन्हें लेटर ऑफ इंटेंट यानि स्वीकृति पत्र जारी किए गए।
उन्होंने बताया कि 737 व्यक्तियों द्वारा मकान निर्माण की शुरूआत करने के बाद अनुदान की एक लाख रुपये (प्रति व्यक्ति) की पहली किस्त जारी की गई। इसके बाद निर्माण को आगे बढ़ाने के दौरान 638 व्यक्तियों को 1 लाख रुपये की दूसरी किस्त जारी की गई और इसके बाद 499 व्यक्तियों को मकान निर्माण पूरा करने पर 50 हजार रुपये की तीसरी किस्त भी जारी कर दी गई है। इसके तहत इन सभी 499 व्यक्तियों के मकान बनकर तैयार हो गए हैं।
उन्होंने बताया कि इस



योजना के तहत सरकार नया मकान बनाने के लिए अढ़ाई लाख रुपये और मकान की एन्हांसमेंट यानि वृद्धि के लिए डेढ़ लाख रुपये अनुदान देती है। अनुदान प्राप्त करने की पात्रता की जानकारी देते उन्होंने बताया कि आवेदक के पास अपना कच्चा मकान या प्लॉट होना चाहिए, पक्का मकान न हो। पूरे भारत में मकान निर्माण के लिए पहले से किसी प्रकार का ऋण न लिया गया हो। जिस जगह पर मकान बनाया जाना प्रस्तावित है, वह नगर निगम का अधिकृत क्षेत्र होना चाहिए। लाभार्थी की आयु 18 वर्ष से ऊपर और आय की पात्रता में आवेदक आर्थिक रुप ये कमजोर वर्ग का होना चाहिए।
निगमायुक्त ने ऐसे सभी लाभार्थी जिन्होंने अपने मकान निर्माण पूरे नहीं किए हैं, उनसे अपील करते हुए कहा है कि वे जल्द से जल्द अपना मकान निर्माण पूरा कर लें और उस पर प्रधानमंत्री आवास योजना की प्लेट भी लगाएं। इसके बाद ही उन्हें तीसरी व अंतिम किस्त जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसे व्यक्तियों को मोटीवेट करने के लिए टीम के सदस्य समय-समय पर फील्ड विजिट भी करते हैं। इस योजना के तहत अब तक करनाल शहरी क्षेत्र में करीब 14 करोड़ 73 लाख रुपये की राशि मकान निर्माण अनुदान के रुप में जारी की जा चुकी है।

## प्रदेश में आज बंद रहेंगी सब्जी मंडियां

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। प्रदेश** में आज आम जनता के लिए परेशानी बढ? वाली है। एडवांस मार्किट फीस जमा करवाने के नियम से सब्जी मंडी आढ़तियों में सरकार के प्रति गुस्सा साफ नजर आ रहा है, जिसके चलते आढ़तियों ने 20 दिसंबर को सब्जी मंडी बंद करने का ऐलान कर दिया है। साथ ही एसोसिएशन ने चेताया है कि यदि सरकार अपने फैसले को वापस नहीं लेती है तो हड़ताल अनिश्चितकालीन भी हो सकती है। एसोसिएशन के अनुसार सरकार ने नया टैक्स आढ़तियों पर थोप दिया है। आढ़ती जो सब्जियां बेचते हैं, उसके बाद सप्ताह में मार्किट फीस भरते हैं, लेकिन सरकार ने अब कहा है कि एक साल की फीस एडवांस में ही भर दो। सब्जी का रेट कभी घटता है तो कभी बढ़ता है। ऐसे में सरकार किस हिसाब से मार्किट फीस लेगी। सरकार के इस फैसले से आढ़तियों में सरकार के प्रति गुस्सा है।
आढ़ती रामवीर ने कहा कि रोष स्वरूप 20 दिसंबर को सब्जी मंडी बंद रहेंगी। यदि सरकार ने इसके बावजूद अपने इस फैसले को वापस नहीं लिया तो यह हड़ताल अनिश्चितकालीन भी हो सकती है। सरकार के प्रति आढ़ती गुस्सा हैं और सरकार को अपना फैसला हर हालत में वापस लेना होगा, अन्यथा आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी।
हरियाणा की सब्जी मंडी एसोसिएशन ने भी किसानों से अपील की है कि कोई भी किसान 20 दिसंबर को मंडी में सब्जी लेकर न आए, क्योंकि कोई भी आढ़ती सब्जी नहीं खरीदेगा। ऐसे में किसानों के लिए भी चिंता का विषय जरूर है, क्योंकि सब्जी अगर एक दिन अपने खेत में रख ली जाती है तो उसके खराब होने का खतरा बना रहता है और हड़ताल का नुकसान किसानों को भी भुगतना पड़ सकता है।
हड़ताल का असर फड़ी व रेहड़ी लगाकर सब्जी बेचने वालों पर भी पड़ेगा। ताजी सब्जी मंडी से उठा नहीं पाएंगे और लोगों को एक दिन पुरानी सब्जी ही खाने को मिलेगी।

# भारतीय संसद और अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था में चूक को रेखांकित करना जरूरी

संपादकीय

## मित्रों अब विदा...जस की तस रख दीनी चदरिया

**कबीरदास** की पंक्ति ह्लजस की तस रख दीनी चदरियाह्व का अर्थ सामान्यतः हम सब जानते हैं। जैसा मिला था, उसे वैसा ही लौटाना। यह पंक्ति मीडिया से हाथ जोड़ते हुए पीछले 18 वर्षों से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराजसिंह चौहान ने भावुक होते हुए विगत दिनों कही। अब इस पंक्ति के कई मायने निकाले जा रहे हैं। मध्यप्रदेश के आम आदमी के मामा शिवराजसिंह चौहान ने नवंबर 2005 में पहली बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उसके बाद से आज तक नर्मदा नदी में कितना ही पानी बह चुका है और मध्यप्रदेश जो 2005 में था, वह वर्तमान में बिल्कुल अलग व विकास की ओर बढ़ता राज्य बन गया है। एक बेहद बीमारु राज्य को विकास के पथ पर लाने में शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व का बहुत बड़ा योगदान है। उनके मुख्यमंत्री काल में मध्यप्रदेश ने कई ऐतिहासिक निर्णय देखे। राज्य समृद्धि के मार्ग पर अग्रसर हुआ। मध्यप्रदेश की जनता के बीच ह्लमामाह्व नाम से चर्चित शिवराजसिंह चौहान ही थे जो सबसे पहले केन्द्र में मनमोहन सिंह सरकार से मध्यप्रदेश के लिए बड़े विकास कार्यों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने केंद्र के द्वारा मध्यप्रदेश के साथ हुए भेदभाव के लिए पुरजोर आवाज उठाई और मध्यप्रदेश में विकास के लिए कई मार्ग खोले। अपने सहज व सरल स्वभाव के कारण शिवराजसिंह चौहान मध्यप्रदेश की जनता के बीच बहुत जल्द ही लोकप्रिय हो गए थे और अपने 18 वर्षों के कार्यकाल में आखिर तक लोकप्रियता के चरम पर रहे । आज जब मध्यप्रदेश की राजनीति में सबसे बड़ा व लोकप्रिय चहरा यदि कोई है तो निसंदेह मामाजी ही है। ऐसे में यह कह देना कि "मित्रों अब विदा...जस की तस रख दीनी चदरिया !" इस बात के कई अर्थ हो सकते हैं ! क्या वे अब राजनीति से सन्यास लेगे ? या फिर भाजपा में नई जिम्मेदारी के लिए उनका मन नहीं है या फिर वे कहना चाहते है कि मुझे जो संगठन व संघ ने जिम्मेदारी दी थी, मैंने उसका निर्वाह कर दिया ? या फिर अपने संगठन व दल से किसी तरह की असंतुष्टि जाहिर करना चाहते हो। इन सब बातों के अलावा इन पंक्तियों के ओर भी मायने हो सकते हैं। लेकिन विगत 18 वर्षों से मध्यप्रदेश की राजनीति में मामाजी का कायार्काल विकास, संवाद, विवाद, घोटाले के आरोप, भ्रष्टाचार से संबंधित बातें, महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं व अपनी अलग राजनीतिक शैली की लंबी लकीर खींच गया है। वो भले मध्यप्रदेश की सड़कों का निर्माण हो या फिर महिलाओं व बच्चों के लिए कितने ही लाभकारी योजनाएं हो। उसी के साथ जुड़ा है डंपर कांड, जो राष्ट्रीय राजनीति में काफी चर्चा में रहा। व्यापमं घोटाले को भला कौन भूल सकता है ? मध्यप्रदेश की जीवन रेखा नर्मदा नदी में रेत उत्खनन से संबंधित अनियमितता हो या फिर आम आदमी का भ्रष्टाचार के कारण परेशान होना। ये कुछ ऐसी बातें हैं जो शिवराजसिंह चौहान के पूरे कार्यकाल में निरंतर चर्चा के विषय रहे। वहीं कांग्रेस की 15 महीनों की सरकार के समय विपक्ष में रहते हुए शिवराजसिंह चौहान का मध्यप्रदेश के अंचलों में सरकार के खिलाफ माहौल बनाना। ऐसे विषय है जो उनकी राजनीतिक सक्रियता व जुझारूपन को दिखाते हैं। अशिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में 2023 के चुनाव में मिली अपार सफलता के बाद वे भले कहे कि मित्रों अब विदा ! लेकिन इसके गहरे अर्थ व भाजपा संगठन को बड़ा संदेश तो माना जा सकता है।



गोंदिया

"वैसे तो इसके पूर्व भी भारत अमेरिका सहित अनेको देशों में सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक होती रही है, परंतु वर्तमान समय में तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी और विज्ञान के चलते खतरों की संभावनाएं भी बढ़ गई है और उनका विशाल प्रभाव भी बढ़ गया है, जिसे हम चमगादड़ से कोविड मामला भी देख चुके हैं इसलिए आज पूरी दुनियां में कुशल नेतृत्व के मानवता कल्याण में सहयोगी दिग्गज व पूरी दुनियां के लिए उस महत्वपूर्ण व्यक्तित्व की सुरक्षा को अब उस देश तक सीमित नहीं बल्कि वैश्विकस्तर पर मंथन करने के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन करना जरूरी है"

**वैश्विक** स्तरपर आज पूरी दुनियां में कुछ ऐसे कुशल व्यक्तित्व हैं जो पूरी मानव जाती प्रजाति के कल्याण करने के नेतृत्व में दिग्गज है, जिसमें भारत भी शामिल है। स्वाभाविक रूप से ऐसे व्यक्तित्व के दुश्मन पूरी दुनियां में कहीं भी हो सकते हैं विशेष रूप से उन व्यक्तियों के घरेलू देश में तो इसकी संभावना अधिक है इसका ताजा उदाहरण हमने 13 दिसंबर 2023 को भारतीय संसद में तथाकथित सुरक्षा व्यवस्था में चूक का अंजाम और आज दिनांक 18 दिसंबर 2023 को अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था में चूक का मामला आया है। वैसे तो इसके पूर्व भी भारत अमेरिका सहित अनेको देशों में सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक होती रही है, परंतु वर्तमान समय में तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी और विज्ञान के चलते खतरों की संभावनाएं भी बढ़ गई है और उनका विशाल प्रभाव भी बढ़ गया है, जिसे हम चमगादड़ से कोविड मामला भी देख चुके हैं इसलिए आज पूरी दुनियां में कुशल नेतृत्व के मानवता कल्याण में सहयोगी दिग्गज व पूरी दुनियां के लिए उस महत्वपूर्ण व्यक्तित्व की सुरक्षा को अब उस देश तक सीमित नहीं बल्कि वैश्विकस्तर पर मंथन करने के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन करना जरूरी है हो गया है ताकि सुरक्षा की नई तकनीक सुझाव कार्यक्रमों का आदान-प्रदान किया जा सके। चूंकि अब वह कुशल नेतृत्व दिग्गज नेता सारे विश्व की बौद्धिक पूंजी है, क्योंकि उनके कुशल नेतृत्व से पूरी दुनियां को लाभ हो रहा है जिसे हम कोविड महामारी के समय में महसूस कर चुके हैं, इसीलिए चूंकि भारत और अमेरिका में आम चुनाव 2024 में होना निश्चित है, इसीलिए भारतीय संसद और अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा में चूक को रेखांकित कर मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक स्तरपर हाई प्रोफाइल सुरक्षा व्यवस्था में चूक पर साझा मंथन समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम 13 दिसंबर 2023 को भारतीय संसद में सुरक्षा व्यवस्था में चुकी करें तो, देश की संसद में सुरक्षा की बड़ी चूक का मामला सामने आया है। यहां दो युवकों ने किसी तरह संसद में एंट्री की






और सांसदों के बीच दर्शक दीर्घा से छलांग लगा दी, इससे लोकसभा में अफरातफरी का माहौल हो गया। इस मामले का वीडियो सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि सदन में धुआं उड़ रहा है और घटना के बीच सांसद हड़बड़ाकर भाग रहे हैं। कूदता फांदता युवक, धुआं-धुआं सदन और हड़बड़ाकर भागते सांसद, रोंगटे खड़े कर देने वाला है। जिसमें देखा जा सकता है कि दो लोग दर्शक दीर्घा से अचानक कूदकर सांसदों के बीच पहुंच गए। जिन दो युवकों ने सुरक्षा घेरे का उल्लंघन किया है, कनस्तर से जो धुआं निकल रहा था, वो जहरीला भी हो सकता था। यह सिक्योरिटी ब्रीच का गंभीरमामला है, खासकर 13 दिसंबर को, जिस दिन 2001 में संसद पर हमला हुआ था। लोकसभा में सिक्योरिटी ब्रीच मामले में एक सांसद ने कहा कि निश्चित रूप से यह बड़ी खामी है। जब पहला व्यक्ति कूदा तो हमें लगा कि वह गिर गया होगा, लेकिन जब दूसरा व्यक्ति भी कूदकर आ गया तो हम सभी सतर्क हो गए। उस शख्स ने अपना जूता खोलकर कुछ बाहर निकालने की कोशिश की, जिसके बाद धुआं फैलने लगा।इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। स्पीकर और जिम्मेदार लोग इस पर फैसला लेंगे। यह घटना हुई तो रक्षा मंत्री भी सदन में पहुंचे उसके हाथ में कुछ था, जिससे पीला धुआं निकल रहा था।लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि शून्यकाल के दौरान हुई घटना की गहनता से जांच की जा रही है,दिल्ली पुलिस को भी जरूरी निर्देश दिए गए हैं। प्राथमिक जांच में पता चला है कि यह सिर्फ धुआं था, जिसको लेकर चिंता करने जैसी कोई बात नहीं है। इस मामले में ।लोकसभा में विपक्ष के नेता कहा कि आज ही हमने अपने उन बहादुर जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की,जिन्होंने संसद हमले के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी और आज ही सदन के अंदर ये घटना हो गई। ये सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी खामी है। सभी सांसदों ने निडर होकर दोनों युवकों को पकड़ लिया, लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि जब यह सब हुआ तो सुरक्षा अधिकारी कहां थे? दिल्ली पुलिस के सूत्रों का कहना है कि घटना की तस्दीक की जा रही है, सुरक्षा घेरा तोड़ने वालों से पूछताछ की जा रही है कि वे यहां तक कैसे पहुंचे और संसद आने का पास उन्हें किसने दिया। पता लगाया जा रहा है कि संसद में कूदने वालों से किसका क्या संबंध है। इस मामले में कई एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं। इसी मामले को लेकर शीत सत्र में जोरदार हंगामा हो रहा है और मामले पर गृह मंत्री के बयान की मांग की जा रही है।

साथियों बात अगर हम 18 दिसंबर 2023 को अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था में चुकी करें तो उनके काफिले से एक तेज रफ्तार कार टकरा गई। अचानक हुई इस घटना के बाद यूएस प्रेसिडेंट की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने कार चालक को घेर लिया और उस पर बंदूकें तान दीं। हादसे के समय जो बाइडेन की पत्नी जिल बाइडेन भी उनके साथ थीं। हालांकि, इस घटना में बाइडेन और उनकी पत्नी को किसी तरह की चोट नहीं लगी है। मीडिया के मुताबिक रविवार को जो बाइडेन का काफिलाडेलावेयर में उनके कैंपेन मुख्यालय केबाहर खड़ा था। बाइडेन काफिले में शामिल कार में सवार होने ही जा रहे थे कि इसी बीच बाइडेन से करीब 40 मीटर दूर चौराहे पर उनके काफिले में शामिल एसयूवी से एक सेडान कार टकरा गई। कार के टकराने के बाद जोरदार धमाका हुआ। अचानक हुई इस घटना से बाइडेन की सुरक्षा में तैनात सभी सुरक्षाकर्मी चौकन्ने हो गए और अमेरिकी राष्ट्रपति को तुरंत दूसरे वाहन में बैठाकर वहां से रवाना कर दिया। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि राष्ट्रपति और प्रथम महिला दोनों ठीक हैं। आगे के सवाल-जवाब अमेरिकी सीक्रेट सर्विस कर रही है। दरअसल, डेलावेयर में कैंपेन मुख्यालय के बाहर राष्ट्रपति जो बाइडेन अपनी पत्नी जिल बाइडेन के साथ कर्मचारियों के साथ रात्रिभोज करने पहुंचे थे, यहां पत्रकारों ने बाइडेन से सवाल करने खत्म किए ही थे कि अचानक वहां मौजूद सभी लोगों ने जोरदार धमाके की आवाज सुनी। हादसा जानकारी के मुताबिक हादसे को अंजाम देने वाली कार सिल्वर रंग की थी, उसकी नंबर प्लेट पर डेलावेयर का लोकल नंबर ही दर्ज था। हादसे के बाद जब सुरक्षा कर्मियों ने कार को घेरा तो चालक ने तुरंत अपने हाथ ऊपर कर लिए इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने राष्ट्रपति को एक दूसरे वाहन में बिठाया और उन्हें विलमिंगटन शहर की इमारत से दूर ले जाया गया। बताया गया है कि अपने कैंपेन ऑफिस से निकलने के बाद राष्ट्रपति और प्रथम महिला ने कर्मचारियों के साथ डिनर किया था। ऐसे में काफी लोग यहां जमा थे,तभी अचानक एक कार आकर काफिले से भिड़ गई। सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत ही इस कार को घेर लिया और वहां से ले गए। बता दें अमेरिका में अगले साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं।ऐसे में सभी संभावित कैंडिडेट चुनाव की तैयारियों में जुटने लगे हैं। बाइडेन भी 2024 के लिए चुनाव अभियान मुख्यालय का दौरा करने पहुंचे थे। बाइडेन और उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी एक बार फिर से अमेरिका की सत्ता में लौटने की कोशिश में है। वहीं दूसरी ओर रिपब्लिकन पार्टी की ओर से डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर उम्मीदवारी पेश कर रहे हैं। दोनों ओर से दौरे करने और रैलियां आयोजित करने का काम भी शुरू हो गया है। साथियों बात अगर हम इसके पूर्व भी अमेरिकी सुरक्षा व्यवस्था में चुकी करें तो, बीते साल एक प्राइवेट हवाई जहाज भूल से बाइडेन के डेलावेयर के प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गया था, ऐसे में उस समय भी सुरक्षा की दृष्टि से राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को व्हाइट हाउस से बाहर निकाल लिया गया था। घटना के बाद बाइडेन के परिवार को रेहोबोथ बीच स्थित घर में शिफ्ट कर दिया गया था।

## कविता

सर पर जिसके हिमालय का ताज,
क्यों न बने वह दुनिया का सरताज।
जहां गंगा जमुना सरस्वती बहती हो निर्मल,
उसका तो आने वाला कल होगा ही उज्जवल।
हर नौजवान और युवा है जहां देशभक्त,
फिर कैसे ना हो उसकी सेना शक्तिशाली और सशक्त।
आओ समर्पित ज्ञानी नागरिकों से बनाएं देश महान,
देश विरोधी अफवाहों पर नहीं देना कभी ध्यान।
जहां रहते हो विवेकानंद ,गांधी और सुभाष,
वहां बहती है चिंतन की गंगा, दीप्त है ज्ञान का प्रकाश।
गलती ना करें दुश्मन इस देश को कम आंकने की,
प्रयास ना करें गलत इरादे से झांकने की।
देश महान था, है और अनंत काल तक रहेगा,
भारतवर्ष का वैभव अक्षुण है और सदा रहेगा ।

संजीव ठाकुर

## विकसित भारत यात्रा के सहारे भाजपा की आक्रामक तैयारी

**मृत्युंजय दीक्षित**

आगामी लोकसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए देश के सभी राजनैतिक दलों ने अपनी अपनी चुनावी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए अपनी तैयारी को अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया है। इस तैयारी पर यदि समग्र व निष्पक्ष दृष्टि से डाली जाए तो इस समय निस्संदेह रूप से भारतीय जनता पार्टी आगे दिखाई पड़ रही है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जिन्हें लोकसभा का सेमीफाइनल माना जा रहा था उनमे भाजपा ने सभी विश्लेषकों को चौंकाते हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में शानदार विजय प्राप्त की है जिससे उसका उत्साह बढ़ा है। इन सभी राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री चयन ने विपक्ष की जातिवाद की राजनीति की गहरी काट खोजने का प्रयास किया है । भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री चयन करने के बाद उनका प्रचार भी प्रारम्भ कर दिया है, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का उत्तर प्रदेश के यादव बाहुल्य क्षेत्रों में और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का ब्राह्मणों सहित सवर्ण समाज के बीच में प्रचार हो रहा है । उधर विपक्षी दलों में भी एकता के लिए बैठकें चल रही हैं। विधानसभा चुनावों के मध्य ही भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पार्टी के राष्ट्रीयअध्यक्ष जे पी नड्डा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में 15 नवंबर 2023 के दिन से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। यह यात्रा भारत की सभी ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों और शहरी स्थनीय निकायों तक पहुंचेगी। विकसित भारत यात्रा के माध्यम से भाजपा उन वंचित लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है जो विभिन्न योजनाओं के पात्र हैं लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। दूसरा यह कि इस यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस यात्रा में गांव व पंचायत में मोदी की गारंटी वाली वैन पहुंचने पर उसका ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया जाता है और उसी स्थान पर लाभार्थी फार्म भी भरवाये जाते हैं। यात्रा के दौरान सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से उनकी व्यक्तिगत कहानियों और अनुभव साझा करने को भी कहा जाता है और उनका फीडबैक लिया जाता है । विकसति भारत संकल्प यात्रा की 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से शुरू की गई थी और अब इसका विस्तार संपूर्ण भारत में हो चुका है। प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस यात्रा का उद्घाटन किया था । तीन राज्यों में बीजेपी की जो जोरदार वापसी हुई है उसमें प्रधानमंत्री मोदी की खूंटी की उस यात्रा का भी योगदान माना जा रहा है ।एक माह की अवधि में विकसित भारत संकल्प यात्रा 68,000 ग्राम पंचायतों में 2.50 करोड़ से अधिक नागरिकों तक पहुंच गई है जिसमें लगभग दो करोड़ लोगों ने विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है।

## विचार

### टेक्नोलॉजी में खो गए स्कूलों के बच्चों की सभा

**विजय गर्ग**

**एक समय** था जब सरकारी स्कूलों में पढ़ने-पढ़ाने के अलावा विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए भी समय निर्धारित होता था। सप्ताह के पहले दिन (जो सामान्यतः शनिवार होता था) विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को कुछ अवधि आरक्षित रखकर एक हॉल या पंडाल में एकत्रित किया जाता था। इस सभा को बाल सभा कहा जाता था। इस बाल सभा में न केवल स्कूली शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी थी बल्कि कुछ रचनात्मक एवं कलात्मक सोच वाले विशेष रुचि वाले शिक्षकों की भी सक्रिय भागीदारी थी।विद्यार्थियों का मार्गदर्शन भी किया गया। यह आत्म-भोग का एक बहाना था विद्यालय में आयोजित बाल सभा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के उत्साह का स्रोत तो होती ही थी, विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं कलात्मक दृष्टिकोण को निखारने, निखारने में भी विशेष सहायता मिलती थी। इस सभा के माध्यम से अद्वितीय कौशल वाले विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान किया गया, जो उनके आत्मविश्वास को बढ़ाकर उन्हें उनके द्वारा निर्धारित मंजिल के करीब ले गया। औपचारिक शिक्षा का उद्देश्य यदि हम औपचारिक शिक्षा के उद्देश्य की बात करें तोइसका उद्देश्य केवल डॉक्टर, इंजीनियर, वकील या शिक्षक ही तैयार करना नहीं है, बल्कि ऐसे कलाकार, लेखक और वक्ता भी तैयार करना है, जो अपनी दूरदर्शी सोच, लेखन और वाणी से साहित्य, संस्कृति और समाज को समृद्ध कर सकें। जब आप स्थापित/सफल कलाकारों विशेषकर गायकों या अभिनेताओं से मिलते हैं तो वे भी अपनी स्थापना/सफलता का बहुत सारा श्रेय अपनी पढ़ाई के दौरान स्कूल में होने वाली बाल सभा को देते हैं। योग्य बच्चों की खोज की जाती थी विद्यालय द्वारा बच्चों की एक सभा का

आयोजन किया गया जहाँ विद्यार्थियों की अपनी बैठक हैवह बोलकर उन्हें गौरवान्वित महसूस कराती थीं, साथ ही उन्हें उस समय का हमउम्र बनाकर बेगहनों (बड़ी बाहरी सभाओं) का सामना करने में भी सक्षम बनाती थीं। इसी बैठक में स्कूल के मेधावी बच्चों को पहले खोजा गया और फिर योग्य शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इस प्रकार विद्यालय सभाओं से चुने गये तथा अध्यापकों द्वारा चुने गये विद्यार्थी जीवन में अनेक महान एवं अद्वितीय उपलब्धियों के हकदार बने। सराहनीय कार्य कर सकेंगे पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित शैक्षिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने वालेये विद्यार्थी भी आमतौर पर विद्यालय में नियमित रूप से आयोजित होने वाली बाल सभा के उत्पाद होते थे। इन प्रतियोगिताओं में वे अपने सर्वोत्तम प्रदर्शन से सम्मान प्राप्त कर अपना तथा विद्यालय का नाम रोशन करते थे। इस बैठक से मिली जागृति ने छात्रों को विश्वविद्यालयों और विश्व विश्वविद्यालयों के युवा मेलों में सराहनीय भूमिका निभाने के योग्य बनाया। शेड्यूल में कोई व्यवस्था नहीं है आजकल स्कूलों (खासकर सरकारी स्कूलों) में बच्चों की बैठक का रिवाज पूरी तरह से खत्म हो गया है। अब स्कूल शेड्यूल में कोई विशेष बैठक नहीं हैसमायोजन नहीं किया गया है. शिक्षकों पर गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ डाला जाता है और छात्रों को नई तकनीक का शिकार बनाकर छोड़ दिया जाता है। ऐसे अप्रिय और संकीर्ण माहौल में कोई स्कूल कलाकार, नाटककार और लेखक कैसे तैयार कर सकता है? बच्चों को तरोताजा महसूस हुआ स्कूल के बच्चों के क्लब की उपलब्धि यह भी रही है कि यह छात्रों के बीच सप्ताह भर की बोरियत (जो अक्सर भारी और कठिन पाठ्यक्रम के कारण होती है) को कुछ समय के लिए रुचि और मनोरंजन के क्षणों में बदल देता है। इस बैठक में विद्यालय के बच्चों ने उपस्थित होकर स्ववे तरोताजा महसूस करते थे. इस ताजगी से उन्हें अगले सप्ताह की कक्षाओं में विज्ञान की बातें सुनने और समझने की ऊर्जा मिली।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

### राजस्थान में नये लोगों को आगे बढ़ायें कांग्रेस

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**राजस्थान** में भी कांग्रेस पार्टी को यथा शीघ्र ही नया प्रदेश अध्यक्ष व विधायक दल के नेता का चयन करना चाहिए। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा स्वयं तो चुनाव जीत गए मगर उनसे चलते कांग्रेस पार्टी को चुनाव में बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। उनकी विवादास्पद छवी तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में उनके परिजनों के चयन को लेकर भी प्रदेश में बड़े विवाद उठे थे। जिसके बाद से ही कांग्रेस बचाव की मुद्रा में आ गई थी। मुख्यमंत्री रहते अशोक गहलोत ने आमजन के लिये अनेको कल्याणकारी योजनाएं चलाई थी। मगर डोटासरा जैसे लोगों के बड़बोलेपन के चलते योजनाएं अप्रभावी गोकर रह गई थी।

राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के 69 विधायक जीतकर आए हैं। जिनमे सबसे अधिक 17 विधायक जाट समाज से है। जाट समाज से 17 विधायकों के जीतने से साफ प्रतीत होता है कि जाटों ने आज भी कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ा है। जाटों द्वारा कांग्रेस को दिए गए समर्थन के कारण ही शेखावाटी क्षेत्र की 21 सीटों में से कांग्रेस 14 सीट फिर से जीतने में सफल रही है। जबकि भाजपा को मात्र 6 सीट ही मिल पाई है। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी इस क्षेत्र में कांग्रेस को 15 सीट मिली थी। वही गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले की कुल 11 में से 10 सीटों पर हुए चुनाव में कांग्रेस 6 सीटों पर जीती है। जबकि भाजपा को मात्र तीन सीट ही मिल पाई है। इस तरह देखें तो गंगानगर, हनुमानगढ़, चुरु झुंझुनू, सीकर की 31 में से कांग्रेस ने 20 सीट जीत ली है। वही भाजपा को मात्र 9 सीट ही मिल पाई है। ऐसे में नए प्रदेश अध्यक्ष पद पर किसी जाट विधायक की नियुक्ति से पार्टी को मजबूती मिलेगी। जाट समाज से जीतने वाले विधायकों में हरीश चौधरी व नरेंद्र बुडानिया दोनों ही निर्विवाद है तथा समाज व पार्टी में कार्यकताओं पर अच्छी पकड़ रखते हैं। बाड़मेर जिले की बायतु सीट से लगातार दूसरी बार जीते हरीश चौधरी अभी पंजाब कांग्रेस के प्रभारी है तथा गहलोत की पिछली सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। इससे पूर्व वह बाड़मेर-जैसलमेर क्षेत्र से लोकसभा के सांसद भी रह चुके हैं। हरीश चौधरी राहुल गांधी के नजदीकी लोगों में शुमार होते हैं।

### उसे क्या लूटोगे

**धर्मस्व** विभाग में चपरासी से अधिकारी का लांगकट सफर शार्टकट में तय करने वाले धर्मराज जी किसी फाइल में ध्यान धरे बैठे थे। दो लाख रुपए की बेशकीमती साड़ी पहने और बदन पर गहने की शोरूम खोले पत्नी बोल उठी - ह्यसुनते हो बिटिया और मैं खरीददारी के लिए बाहर जा रहे हैं। हाथ में फुटकर पैसे ही हैं। लगता है कम पड़ेंगे। ह्यक्या दस भी बस नहीं होगें।ह्य धर्मराज चौंकते हुए बोले। ह्यकमाल करते हैं आप। ऐसे कह रहे हैं जैसे आपने खर्च के लिए दस करोड़ दिए हैं। दस लाख ही तो हैं। इतना भला कैसे बस होगा? ह्यअरे भाग्यवान अब ऑफिस का समय हो रहा है। अभी अरेंज करना मुश्किल है।ह्य अपनी मजबूरी बताते हुए साहब घड़ी की ओर देखने लगे। ह्यभगवान का तो दिया हुआ है। देने में क्या तकलीफ है?ह्ल कहते हुए पत्नी हँस पड़ी। ह्यअरे धीरे बोलो। चालक कहीं सुन न ले।ह्य मुँह पर अंगुली रखते हुए साहब ने कहा। ह्यआप को क्या लगता है कि चालक को कुछ नहीं पता। वह सब जानता है। बस मासूम होने का ढोंग करता है।ह्य इतना कहते हुए पत्नी मुस्कुराने लगी। ह्यठीक है। तुम लोग जाओ। कम पड़े तो फोन कर देना।ह्य कहते हुए साहब फिर से फाइल में सिर खपाने लगे। पत्नी और बेटी खरीददारी के लिए निकलते तभी पाँच लोग जबरन भीतर घुस आए। साहब कुछ कहते उन लोगों ने अपना परिचय ह्यएसीबीह्ल कहकर दिया। साहब की घिग्घी बंध चुकी थी। दिल की धड़कने बढ़ चुकी थी। हाथ-पैर काँपने लगे थे। कुल मिलाकर डरपोक बिल्ली की तरह एक कोने में दुबककर बैठ गए। एसीबी अधिकारी ने घरवालों के फोन जब्त करते हुए खोजबीन में अड़चन पैदा न करने के सख्त निर्देश दिए। एक ओर खोजबीन में करोड़ों रुपयों की संपत्ति बाहर निकल रही थी उधर दूसरी ओर धर्मराज जी मन ही मन कहने लगे - खत्म। सब कुछ खत्म हो गया। कल से जेल की रोटी तोड़नी पड़ेगी। रुपए गिनने वाले हाथों से अब जेल की सलाखें गिननी पड़ेंगी।ह्ल वह अपने में तिल-तिल होकर रो रहे थे कि पत्नी कहने लगी - छीः-छीः। मुझे आप पर शर्म आती है। अब अपनी सहेलियों को क्या मुँह दिखाऊँगी। किटी पार्टी में जाने लायक नहीं छोड़ा।

## न्यूज फ्लैश

### धरना प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारियों को तुरंत काम पर लौटने का थमाया नोटिस



**समालखा/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** निकाय विभाग के मुख्य सचिव विकास गुप्ता के आश्वासन पर पार्षदों ने मंगलवार को सफाई कर्मचारियों का धरना समाप्त करा दिया। उधर नगर पालिका सचिव ने पिछले 7 दिनों से काम छोड़कर धरना प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारियों को तुरंत काम पर लौटने का नोटिस थमा दिया। उल्लेखनीय है कि समान काम समान वेतन की मांग को लेकर समालखा नगर पालिका के कच्चे कर्मचारी पालिका कार्यालय के बाहर टैंट लगाकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। विगत शनिवार को जजपा यूएलबी के जिलाध्यक्ष विपीन छाबड़ा व पार्षद कप्तान छौक्कर के आमंत्रण पर जजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र कादियान सफाई कर्मचारियों के धरना पर पहुंचे ओर सफाई कर्मचारियों को उनकी मांगो के समाधान का आश्वासन दिया।इतना ही नहीं जजपा नेता अगले दिन पार्षदों व सफाई कर्मचारियों को लेकर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के साथ दिल्ली में मुलाकात करवाई। सफाई कर्मचारियों के नेता रणबीर सिंह ने डिप्टी सीएम को अपनी व्यथा सुनाई और कहा कि 2017 में प्रदेश सरकार ने निकाय विभाग के सभी कच्चे कर्मियों को समान काम समान वेतन देने की घोषणा की थी जिसे पाने के लिए समालखा नगर पालिका के 68 कर्मचारी संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने ये भी बताया कि प्रदेश में कई पालिका व परिषद समान काम समान वेतन दे चुकी है, लेकिन फंड होने के बावजूद समालखा पालिका अधिकारी उन्हें यह लाभ नहीं दे रहे हैं इस पर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने तुरंत निकाय विभाग के मुख्य सचिव विकास गुप्ता को फोन कर समस्या के समाधान के आदेश दिए।वहीं डिप्टी सीएम के कहने पर पार्षदों व सफाई कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पंचकुला में निकाय विभाग के मुख्य सचिव विकास गुप्ता से मिल कर उन्हें अपना दुखड़ा सुनाया जिस पर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी ने उन्हें एक सप्ताह में समान काम समान वेतन जारी किया जाएगा।
मंगलवार को सुबह करीब दस बजे 17 सदस्यीय पालिका के 15 पार्षद पालिका उपाध्यक्ष शिक्षा शर्मा के प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद सुभाष शर्मा व जजपा यूएलबी जिलाध्यक्ष विपीन छाबड़ा की अगुवाई में सफाई कर्मचारियों के धरना पर पहुंचे। पार्षद कप्तान छौक्कर, विनोद वाल्मीकि, मनीष बैनीवाल उन्होंने कहा कि शहर के विकास के लिए सभी पार्षद एकजुट है।सफाई कर्मचारियों का धरना समाप्त कराते हुए पार्षदो ने आश्वासन दिया कि अगर एक सप्ताह में उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो सभी पार्षद उनके साथ है।

### भारत को विकसित राष्ट्र बनाना केवल राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर चलकर ही संभव: राणा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**
**भाजपा के** जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने कहा कि भारत तभी विकसित देश बनेगा, जब हम सब अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी, निष्ठा, लग्न तथा मेहनत पूरा करेंगे। वे मंगलवार को असंध विधानसभा क्षेत्र के गांव टरी व कबुलपुर खेड़ा में विकसित भारत यात्रा में मुख्य वक्ता के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना केवल राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर चल कर ही संभव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है विश्वभर में भारत की शान बढ़ाना। आज उनके नेतृत्व में भारत का नाम पूरी दुनिया में ऊंचा हो रहा है। पूरा विश्व उनके नेतृत्व में भारत के साथ चलने को आतुर है।
उन्होंने कहा कि देश को 2047 तक विकसित देश बनाना है। जब प्रधानमंत्री मोदी देश की अर्थव्यवस्था को 11वीं अर्थव्यस्था से पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना सकते है तो निस्संदेह देश को विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। वे प्रधानमंत्री की भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी है। मोदी के नेतृत्व में देश विकसित देश बनने के रास्ते पर अग्रसर हो चुका है। योगेन्द्र राणा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एक ओर मोदी जी भारत को विकसित देश बनाने में लगे है, वहीं अंतोदय के सिद्धांत का भी पालन कर रहे है। प्रधानमंत्री अन्न कल्याण योजना, जनधन योजना, इन्द्रधनुष टीकाकरण योजना, उज्जवला योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री बीमा योजना, कैंसर तथा हृदय का इलाज सस्ता करना तथा जन औषधि केंद्र खोलना, हर घर नल से जल, हर घर शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, नीम कोटिंग यूरिया, नेनो यूरिया, सॉयल हेल्थ कार्ड, मोटे अनाज को प्रोत्साहित करना, ये सब योजना अंतोदय की पुष्टि करती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे पूर्व विधायक स. बख्शीश सिंह विर्क ने कहा कि मनोहर लाल सरकार ने ये फैसला किया है कि किसी भी बेटी को 20 किलोमीटर से अधिक दूरी पर कॉलेज में ना जाना पड़े, इसके लिए 20 किलोमीटर के दायरे में महिला कॉलेज खोलना, प्राइवेट कॉलेज में भी बेटियों की पढ़ाई फ्री करना, भवांतर योजना, सबसे अधिक फसलें एमएसपी पर खरीदना, खेतों के रास्ते पक्के करना, हर जिले में मेडिकल कालेज खोलने की योजना, चिरायु योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन देश में सबसे अधिक तीन हजार करना, राज्य को तरक्की के रास्ते पर बढ़ा रहे है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे, अब घर बैठे राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र तथा पेंशन आदि सुविधाएं घर बैठे मिल रही है। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र सिंह चैहान ने भी अपने संबोधन में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर योगेन्द्र राणा व बख्शीश सिंह ने कार्यक्रम में प्रतिभागियों तथा गांव के विकास में योगदान देने वाले लोगो को सम्मानित किया और विभिन्न सरकारी योजनाओ के लाभार्थियों से सार्थक संवाद किया। इस दौरान भाजपा प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह चौहान, सरपंच बलदेव सिंह विर्क, सरपंच राजबीर सिंह, मंडल अध्यक्ष दर्शन सिंह, अमित राणा, बृजमोहन टक्कर, मास्टर नाथी राम, सज्जन अत्री, सतीश चोर कारसा, सरपंच राजेश कुमार, मंडल अध्यक्ष अमित राणा, एसडीएम वीरेंद्र सिंह ढुल, बीडीपीओ नरेश व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### सूर्य नमस्कार 12 शक्तिशाली योगासनों का समन्वय: संदीप आर्य

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**खेलेगा** इंडिया तो आगे बढ़ेगा इंडिया के अंतर्गत फिट इंडिया मिशन और सूर्य नमस्कार के ब्रांड एंबेसडर संदीप आर्य ने डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, पुलिस लाइंस में पहुंचकर शिक्षकों व विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। उनके साथ मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी विशेष रूप से पहुंचे।
विद्यालय में मुख्य रूप से प्रिंसिपल सुमिता अरोड़ा और अन्य शिक्षक सुकृति, निशा, रिया सोनिया, पूजा और स्कूल का दूसरे स्टाफ ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। विभिन्न प्रकार के खेलो जैसे विशु, बॉक्सिंग, रेसलिंग, एथलेटिक्स में उपलब्धि प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों तक योग और सूर्य नमस्कार का लाभ पहुंचाने के लिए योगाभ्यास करवाया गया। इस अभियान के अंतर्गत शहरों और गांवों में विभिन्न स्थानों पर सूर्य नमस्कार का प्रतिदिन अभ्यास करवाया जा रहा है। संदीप आर्य ने कहा कि सूर्य नमस्कार 12 शक्तिशाली योगासनों का समन्वय है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। यह मन और शरीर दोनों को तंदुरुस्त रखता है।

# गोहाना: परिषद ने की परामर्श केन्द्र की स्थापना

**गोहाना/सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना के अंतर्गत मंगलवार को गोहाना उपमंडल स्थित सीआर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला के 25वें व राज्य के 166वें बाल सलाह, परामर्श एवं कल्याण केन्द्र की स्थापना करते हुए मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि किशोरावस्था निरंतर परिवर्तन व विकास की उम्र है। जिज्ञासा, उत्साह, उत्तेजना के इस दौर में सामाजिक, घरेलू वातावरण के साथ ही हार्मोनल बदलाव, भावनात्मक विकास, हमसमूह का प्रभाव भी महत्वपूर्ण होता है।
राज्य नोडल अधिकारी ने कहा कि सकारात्मक, प्रेरणादायी परिवेश एक आदर्श स्वस्थ व्यक्ति का निर्माण करता है। नकारात्मक आलोचनात्मक वातावरण समस्याग्रस्त व्यक्ति और समाज का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाएं हमेशा बाल कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने



कहा कि इंसान की भावनाएं, सोच, व्यवहार, संगति निर्धारक है कि भविष्य जीवन कैसा होगा। किशोर विद्यार्थियों का व्यवहार, स्वभाव और विरासत में मिले व्यक्तित्व परस्पर क्रिया व पूर्व अनुभव का मिश्रण होता है। वातावरण, व्यक्ति, विशेष हालात के प्रति संवेदनशीलता, आपकी प्रतिभा से जुड़ा एक स्वस्थ गुण है, समझे कि संवेदनशील होने का मतलब है कि आप अपने परिवेश से दूसरों की तुलना में अधिक जानकारी ग्रहण करते हैं, अधिक गहराई से संसाधित करते हैं और आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर होती है। उन्होंने कह कि हार्मोनल बदलाव को समझ विकसित करें, यह वह रसायन है जो शारीरिक वृद्धि और विकास का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि किशोर की भावनाओं पर हार्मोन का प्रभाव सीधे पड़ता है जिससे उनका व्यवहार भी प्रभावित होता है। अगर नजरिया संवेदनशील विकसित होगा तो किशोरावस्था की चुनौतियों को अवसरों में बदलने की कला विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा। नई चुनौतियों को स्वीकारें, मन की भावनाएं माता-पिता से सांझा करें, पर्याप्त नींद, शारीरिक गतिविधियां, पौष्टिक आहार जरूरी है। उन्होंने कुछ सवाल पूछते हुए कहा कि आपका मूल स्वभाव, दोस्त, आदतें, रुचिया, दिनचर्या, प्राथमिकताएं क्या और कैसे हैं और जीवन से हासिल क्या करना चाहते हैं, जीवन का लक्ष्य क्या है सही से आत्म-मूल्यांकन करना होगा, कहीं आप खुद को या अपने माता-पिता को किसी तरह से धोखे में तो नहीं रख रहे हैं। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता करते हुए स्कूल निदेशक प्रदीप दलाल व प्राचार्या नेहा तनेजा ने कहा कि मनोवैज्ञानिक परामर्श की शुरू की गई सेवाएं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होंगी हम ऐसा एहसास कर पा रहे हैं।

## निर्मल कल्याण का जीवन सेवा तथा कांग्रेस के प्रति समर्पित रहा: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल।**
**महिला कांग्रेस** की पूर्व प्रदेश महासचिव तथा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव राजेंद्र कल्याण एडवोकेट की धर्मपत्नी निर्मल कल्याण का निधन हृदय गति रुक जाने से गत दिवस हो गया। उनके पार्थिव शरीर को आज पंचतत्व में विलीन कर दिया गया। उन्हें हर वर्ग के लोगों ने अंतिम विदाई दी। उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव तथा छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि श्रीमती निर्मल कल्याण कांग्रेस की सशक्त महिला नैत्री थी, उन्होंने कांग्रेस को मजबूत करने में अपना अतुलनीय योगदान दिया। उन्होंने श्रीमती कल्याण के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजली अर्पित की। उन्होंने कहा कि कल्याण परिवार का हरियाणा की राजनीति में बड़ा योगदान रहा हैं। यह परिवार उनके पिता चौधरी दलबीर सिंह के काफी नजदीक रहा है। उन्होंने राजेंद्र कल्याण को इस शोक की घड़ी में ढांढ़स बंधाया। श्रीमती कल्याण कांग्रेस में महिला विंग की प्रदेश महासचिव रही। इसके अलावा वह हैफेड की डायरेक्टर रही। वह अपने पति के साथ मिलकर सक्रिय राजनीति में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाते रही। उनके ससुर मुल्तान सिंह कल्याण हरियाणा विधानसभा में तीन बार विधायक तथा एक बार मंत्री रहे।

## पानीपत: ट्रस्ट ने स्कूल में किया प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**कल्याणी** एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा बाल वाटिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों की एक प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई थी। आज उनका परीक्षा परिणाम घोषित करके संस्था द्वारा प्रतिभाशाली छात्रों को सर्टिफिकेट देकर उनका हौंसला बढ़ाया गया।
कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप कल्याणी ने कहा कि बच्चों को अपना सुनहरा अवसर बनाने के लिए, समय रहते प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए। इसके लिए संस्था नाममात्र फीस में सरकारी नौकरी की तैयारी भी कराती है।
इसके साथ-साथ संस्था द्वारा बिल्कुल ही नाममात्र फीस में



कल्याणी स्कूल मोबाइल ऐप के जरिए 6वीं से 12वीं के बच्चों को पूरे साल का सिलेबस कराती है। कल्याणी स्कूल एजुकेशन मोबाइल ऐप में 32000 से ज्यादा वीडियो लेक्चर, 3 लाख से ज्यादा प्रश्न बैंक, पिछले 15 वर्षों के प्रश्न पत्र, सभी विषयों की ई बुक्स के साथ-साथ माइंड मैप नोट्स हैं। इसके अलावा बोर्ड के टॉपर बच्चों की आंसर शीट की स्कैन कॉपी भी लगाई गई है जिससे बच्चों में टॉपर बनने का मोटिवेशन व तरीका आए। इस अवसर पर संदीप कल्याणी ने आगे बताया कि सरकार की तरफ से कई स्कॉलरशिप बच्चों को दी जाती हैं लेकिन सही जानकारी के अभाव में बच्चे इसका लाभ नहीं उठा पाते हैं। संस्था से जुड़े सभी बच्चों को इन सभी स्कॉलरशिप के बारे में बताया जाता है और उसकी तैयारी भी कराई जाती है।
इस अवसर पर बाल वाटिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल अमन शर्मा ने कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट के इस कदम की तारीफ करते हुए इसे सभी बच्चों के लिए सुनहरा अवसर बताया। बाल वाटिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल बच्चों की प्रतिभा को निखारने और संवारने में हमेशा ही आगे रहा है। कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट से जुड़कर सभी बच्चों को उनके भविष्य को और बेहतरीन बनाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर भी खड़ा है।

## 'कई संस्थाओं की भागीदारी के साथ मनाया जाएगा जिला स्तरीय गीता महोत्सव'

**सोनीपत/संजीव कौशिक**
अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने कहा कि जिला की सभी सामाजिक, धार्मिक व गैर सरकारी संस्थाओं की भागीदारी के साथ 22 व 23 दिसंबर को स्थानीय सुभाष स्टेडियम में भव्य, शानदार और गरिमापूर्ण ढंग से जिला स्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने अपने कार्यालय में जिला के सभी समाजिक, धार्मिक व अन्य संगठनों के साथ-साथ सभी अधिकारियों की मीटिंग को भी संबोधित कर रही थी। इस दौरान बैठक में नगराधीश डॉ0 अनमोल व जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेन्द्र कुमार मौजूद रहे। एडीसी ने कहा कि गीता जयंती समारोह एक सामुहिक कार्य है जो हमारी परंपरा का हिस्सा है। ऐसे में सभी सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक व अन्य सभी विभाग मिलकर गीता जयंती समारोह को सफल बनाने में सहयोग दें। प्रत्येक शहरवासी भावी पीढ़ी के लिए इस समारोह में शामिल हो और गीता के महत्व को समझकर अपने जीवन में शामिल करें। उन्होंने कहा कि महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ गीता पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। एडीसी अंकिता चौधरी ने कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में दो दिवसीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगी। गीता पर आधारित सेमिनार, गीता यज्ञ, गीता पूजन, दीपोत्सव तथा नगर शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यक्रमों में जिला की धार्मिक सामाजिक संस्थाओं की मुख्य भूमिका रहेंगी।

## खन्ना ने गोल्ड सहित जीते चार पदक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल।**
**राजेश खन्ना** ने एक बार फिर करनाल का नाम रोशन किया है। तीसरी खेलो इंडिया मास्टर्स गेम्स 2023 में राजेश खन्ना ने 4 पदक हासिल किए हैं। उन्होंने 4 गुना 100 मीटर रिले रेस मे गोल्ड, 400 मीटर में सिल्वर मेडल और 2 ब्रांज मेडल 100 मीटर और 200 मीटर रेस में 50 प्लस केटेगरी मे जीते। यह प्रतियोगिता कामनवेल्थ गेम्स विलेज काम्प्लेक्स नई दिल्ली में 15 और 16 दिसंबर को संपन्न हुई। इसमें 23 राज्यों के खिलाडियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने किया।

## उपायुक्त ने बैंक अधिकारियों को लगाई फटकार

### योजना की समीक्षा के दौरान विभिन्न बैंक अधिकारियों की ली बैठक



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**उपायुक्त** डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय में बैंक अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा बैठक करते हुए सभी बैंक अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने मामलों को लम्बित रखने वाले बैंक अधिकारियों को फटकार लगाते हुए उन्हें आगामी 31 दिसम्बर तक योजना से सम्बंधी लम्बित मामलों को जीरो करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को कहा कि सभी अधिकारी योजना से सम्बन्धित आई हुई शिकायतों का निपटान करें ताकि बार-बार रिव्यू ना करना पड़े। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा आरंभ कि गई इस योजना के माध्यम से ऐसे सभी परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का प्रयास किया जा रहा है जो गरीब है। उपायुक्त ने बैठक में विभिन्न बैंकों से आए प्रतिनिधियों से योजना की वर्तमान स्थिति जानी व कितने उपभोक्ताओं के ऋण स्वीकृत किए गए हैं व कितनों पर कार्यवाही पूर्ण की गई है। इस मौके पर अधिकारियों ने कार्य में आ रही देरी के बारे में भी उपायुक्त को अवगत करवाया व निर्धारित समय पर पूरा करने का आश्वासन दिया।
उपायुक्त ने बताया कि अंत्योदय परिवारों को स्वयं का रोजगार खोलने या पहले से चल रहे रोजगार में विकास करने हेतु ऋण उपलब्ध कराना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। उपायुक्त ने बताया कि योजना के माध्यम से कौशल विकास, स्वरोजगार और रोजगार सृजन के उपायों को अपनाया जा रहा है। इस योजना से जुड़कर अनेक अंत्योदय परिवारों ने अपनी आय में बढ़ौतरी की है।

# खरखौदा विधानसभा में 21 दिसम्बर को होगा "बदलाव यात्रा" का भव्य स्वागत: देवेन्द्र

### "आप" हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डाक्टर सुशील कुमार गुप्ता कर रहे यात्रा का नेतृत्व

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**आम आदमी** पार्टी हरियाणा में "बदलाव-यात्रा" को लेकर सभी विधानसभाओं में पहुँच रही है। "आप" की बदलाव यात्रा में मिल रहे जन-समर्थन को देख भाजपा बोखलाई हुई है और अनाप-सनाप ब्यानबाजी कर रही है ये बात आम आदमी पार्टी हरियाणा के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने कही। देवेन्द्र गौतम ने बीजेपी हरियाणा द्वारा अपने ट्विटर हैंडल पर "बदलाव यात्रा" को लेकर पोस्ट की गई वीडियो पर कटाक्ष किया है। देवेन्द्र गौतम ने कहा है की पोस्ट में चाल-चरित्र-चेहरे को लेकर जो बात कही जा रही है उसको लेकर बीजेपी को अपने गिरेबान में झाँकना चाहिए। हरियाणा सरकार में बैठे मंत्री खिलाड़ियों का शोषण कर रहे है। कृषि मंत्री जे पी दलाल किसानो पर अभद्र टिप्पणी कर रहे है। बीजेपी के विधायक को कोर्ट नाबालिक के साथ बलात्कार करने के आरोप में जेल भेज रही है। बीजेपी सांसद संसद की गरिमा को भंग करने पर लगे हुवे है। देवेन्द्र गौतम ने कहा की अबकी बार हरियाणा की जनता बीजेपी की चाल-चरित्र-चेहरे से भलीभांति परिचित है और हरियाणा में अपने लाल अरविन्द केजरीवाल को मौका देने के लिए विधानसभा चुनाव के इंतजार में है। देवेन्द्र गौतम ने कहा की विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। लोकसभा अध्यक्ष ने बताया की "आप" हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डाक्टर सुशील कुमार गुप्ता के नेतृत्व में चल रही "बदलाव यात्रा" का खरखौदा विधानसभा में मटिंडू चौक पर पहुँचने पर 21 दिसम्बर को भव्य स्वागत होगा।

## मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पर योजनाओं का लाभ लेने पहुंच रहे लोग

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को कलामपुरा और काछवा गांव में पहुंची। यहां पर कलामपुरा गांव में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला और काछवा गांव में बतौर मुख्यातिथि करनाल नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता पहुंची। कार्यक्रम में पहुंचते ही उन्होंने अलग-अलग विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गांव काछवा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्यातिथि मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन-जन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया है। उनकी सोच है कि आमजन सशक्त हो, उनके सशक्तिकरण के बाद ही देश विकसित हो सकता है। इस मकसद के साथ जिला के गांव-गांव में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंच रही है और बड़ी संख्या में आमजन सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए कार्यक्रमों में पहुंच रहे हैं। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि आमजन से जुड़ी समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण किया जाए, ताकि लोगों को कम से कम परेशानी उठानी पड़े।

## एसएमएएम व एनएफएसएम स्कीम के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 31 दिसम्बर तक करे ऑनलाइन आवेदन

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**उपायुक्त विरेन्द्र** दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान एसएमएएम व एनएफएसएम स्कीम के तहत 40 से 50 प्रतिशत अनुदान राशि के लिए व्यक्तिगत श्रेणी के किसानों के लिए 29 तरह के कृषि यंत्र जैसे बैटरी/इलेक्ट्रिक/सौर संचालित पावर वीडर, सेल्फ प्रोपेल्ड मल्टी टूल बार, स्व-चालित उच्च क्लीयरेंस बूम स्प्रेयर, लोडर/भूसा कटर के साथ उच्च क्षमता वाला चारा काटने वाला यंत्र, ट्रैक्टर चालित सिलेज पैकिंग मशीन/ट्रैक्टर चालित सिलेज बेलर (1400-1500 किग्रा/घंटा), बैटरी चालित उर्वरक प्रसारक, ब्रिकेट बनाने की मशीन (500-1000 किलोग्राम/घंटा क्षमता)/बायोमास पेलेटिंग मशीन, ट्रैक्टर चालित उर्वरक प्रसारक, ट्रैक्टर संचालित हाइड्रोलिक प्रेस स्ट्रॉ बेलर, एमबी प्लोऊ, सब सोइलर, मल्टी क्रॉप बेड प्लान्टर/रेज्ड बेड प्लान्टर, स्वचालित चावल ट्रांसप्लांटर (4 पंक्ति), ट्रैक्टर चालित विनोइंग मशीन ग्राम क्लीनर सह ग्रेडर/विनोइंग फैन, ट्रैक्टर पर लगे रीपर कम बाइंडर, बाजरा मशीन/बाजरा मिल, मक्का थ्रेशर (ट्रैक्टर चालित)/मक्का शेलर, वायवीय प्लान्टर मशीन (ट्रैक्टर चालित), तेल निकालने वाला, मक्का डिहस्कर (ट्रैक्टर चालित)/मक्का शेलर, गन्ना थ्रेश कटर, मोबाइल/कॉटन श्रेडर (ट्रैक्टर चालित), लोडर/डोजर/बेक्हो (ट्रैक्टर चालित), गाय के गोबर से ब्रिकेटिंग मशीन, गोबर निर्जलीकरण मशीन, धान मोबाइल ड्रायर, लेजर लैंड लेवल (कंप्यूटर कराई), कपास बीज ड्रिल और ट्रैक्टर पर लगे स्प्रेयर अनुदान पर दिए जा रहे हैं। कृषि यंत्र लेने के इच्छुक किसान कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटएग्रीहरियाणाडॉट जीओवीडॉटइन पद पर 31 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ0 आदित्य प्रताप डबास ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के बाद चयन होने के उपरांत अनुदान पर लिया गया कृषि यंत्र पांच वर्षों तक नहीं बेच सकता है। किसान आवेदन करते वक्त अपनी सभी जानकारियां ध्यानपूर्वक भरें। दस्तावेज जमा करवाते वक्त ऑनलाइन आवेदन के समय भरी गई सभी जानकारियां मांगी जाएगी और यदि ऑनलाइन आवेदन से अलग जानकारी मिलती हैं, तो किसान का आवेदन रद्द कर दिया जाएगा व कोई बदलाव नहीं किया जाएगा, जिसके लिए किसान स्वयं जिम्मेवार होगा।

# देश के संसदीय इतिहास की सबसे बड़ी कार्रवाई

## विपक्ष सरकार से संसद की सुरक्षा में सेंध मामले पर चर्चा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जवाब की मांग कर रहा है।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 13 दिसंबर को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान सुरक्षा में चूक की गंभीर घटना घटी थी। इस घटना के बाद से ही विपक्षी सांसद केंद्र सरकार के खिलाफ लामबंद हो गए। विपक्ष सरकार से संसद की सुरक्षा में सेंध मामले पर चर्चा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जवाब की मांग कर रहा है। इसी मांग को लेकर विपक्षी सांसदों ने दोनों सदनों में जमकर हंगामा किया। लोकसभा और राज्यसभा में भारी नारेबाजी और नियमों में उल्लंघन के बाद 'कार्यवाही में व्यवधान' डालने के आरोप में कई विपक्षी सांसदों को शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया। वर्तमान में चल रहे शीतकालीन सत्र में अब तक 141 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया जा चुका है। पिछले हफ्ते गुरुवार को लोकसभा के 13 सांसद और राज्यसभा से एक सांसद को निलंबित किया गया था। वहीं, सोमवार को लोकसभा से 33 और राज्यसभा से 45 सासंदों को निलंबित किया गया। इसके बाद आज यानी मंगलवार को लोकसभा के 49 सांसदों पर कार्रवाई की गई। यह किसी भी सत्र में निलंबित सांसदों की सबसे बड़ी संख्या है।




**2010 के बाद बढ़ी निलंबन की कार्रवाई**
2010 में महिला आरक्षण बिल के दौरान सदन में जमकर हंगामा हुआ। सांसदों ने जमकर नारेबाजी की, बिल की कॉपी फेंक दी, तख्तियां लहराईं, काली मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल किया। इस पर कार्रवाई करते हुए सात सांसदों को राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। मार्च 2010 में बजट सत्र के दौरान यह कार्रवाई हुई थी। 2012 में बजट सत्र के दौरान तेलंगाना से आने वाले कांग्रेस के आठ सांसदों को चार दिन के लिए सदन से निलंबित कर दिया गया था। ये सांसद अलग तेलंगाना राज्य की मांग करते हुए हंगामा कर रहे थे। अगस्त 2013 में मानसून सत्र के दौरान 12 सासंदों को पांच दिन के लिए लिए निलंबित कर दिया गया था। इसी सत्र में एक महीने पहले इसी मुद्दे पर आंध्र प्रदेश के नौ सांसदों को भी निलंबित किया गया था। नए राज्य तेलंगाना के गठन के बिल आने पर सदन में जमकर हंगामा हुआ था। इस दौरान फरवरी 2014 में तेलंगाना गठन का विरोध कर रहे 16 सांसदों को पूरे सत्र से निलंबित कर दिया गया था।

### 1989 में 63 सांसद हुए थे निलंबित

**उपलब्ध** आंकड़ों के मुताबिक सांसदों ने निलंबन का पहला मामला 1963 में आया। जब राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कुछ सांसदों ने हंगामा किया और सदन से वॉकआउट कर गए। बाद में इन सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इसके बाद 1966 में राज्यसभा से दो सांसदों को दिनभर की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया था। सांसदों की सबसे बड़ी संख्या में निलंबन की कार्रवाई राजीव गांधी सरकार के वक्त 1989 में हुई थी। जब एक साथ 63 सांसदों को तीन दिन के लिए निलंबित किया गया था। उस वक्त इंदिरा गांधी की हत्या को लेकर बने ठक्कर कमीशन की रिपोर्ट पर हंगामा हो रहा था।

**मोदी राज में तेजी से बढ़ा सांसदों का निलंबन:** बीते नौ साल में यह पहला मौका नहीं है जब बड़ी संख्या में सांसदों को निलंबित किया गया हो। मोदी राज में इससे पहले 2018 में भी बड़े पैमाने पर सांसदों को निलंबित किया गया था। जनवरी 2019 में शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने तेलगू देशम पार्टी और एआईएडीएमके के कुल 45 सांसदों को दो दिन के लिए निलंबित कर दिया था। टीडीपी के सांसद आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर हंगामा कर रहे थे। वहीं, तमिलनाडु के एआईएडीएमके के सांसद कावेरी नदी पर प्रस्तावित डैम का विरोध कर रहे थे। जुलाई 2018 के मानसून सत्र के दौरान कांग्रेस के छह सांसदों को पांच दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था। इस दौरान विपक्ष मॉब लिंचिंग की घटनाओं पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा कर रहा था।

## फास्ट न्यूज

### बीस हजार का इनामी हत्यारा गिरफ्तार, भेजा जेल

**सुलतानपुर।** कोतवाली देहात पुलिस ने बीस हजार रुपये के इनामी हत्यारोपित को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने बताया कि इसी महीने के 14 दिसम्बर को ग्राम सोनवरसा में खेती को लेकर विवाद हुआ था जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी थी। परिजन की तहरीर पर 03 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था। आरोपित अजय वर्मा उर्फ जामवन्त पुत्र जीतलाल निवासी सोनवरसा फरार चल रहा था। आरोपित की निशान देही पर एक आला कत्ल लाठी बरामद किया गया है। आरोपित को न्यायिक प्रकिया के तहत जेल भेजने की कार्यवाही की गयी है।

### अपराधियों ने चौकीदार से लूटे पांच लाख रुपए

**नवादा।** नवादा नगर के भीड़भाड़ वाले इलाके से मंगलवार को रिटायर्ड चौकीदार से अपराधियों ने 5 लाख रुपये लूट लिए ।चौकीदार रोता-चिल्लाता रहा पर उसकी किसी ने मदद नहीं की। रिटायर्ड चौकीदार कृष्ण प्रसाद ने नगर थाने को लिखित सूचना देकर बताया कि वह भारतीय स्टेट बैंक के कृषि शाखा से बेटी की शादी के लिए 5 लाख रुपये निकाल कर ले जा रहा था। इसी बीच दो मोटरसाइकिल सवार युवको ने जबरन उनका थैला छीन लिया रोकने पर उन्हें पिटाई भी की। वह चीखता चिल्लाता रहा लेकिन कोई भी उसे बचाने नहीं पहुंचा। चौकीदार का यह भी कहना है कि न्यायालय के निकट पुलिस बल के लोग भी दिखे लेकिन किसी ने भी सहानुभूति पूर्वक उसकी मदद नहीं की।

### नालंदा पुलिस ने तीन साइबर ठग को किया गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** जिले में लहेरी थाना पुलिस ने रामचंद्रपुर मछली मार्केट स्थित पीएनबी एटीएम के पास फर्जी एटीएम कार्ड से रुपये निकालने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध को मंगलवार को हिरासत में लिया । पकड़ा गया आरोपी अपना नाम देवेंद्र कुमार और पता वारसलीगंज जिला नवादा का बताया है। तलाशी के क्रम में उसके पास से चार एटीएम कार्ड 23,000 रुपये बरामद किया गया है। पूछताछ के क्रम में उसने बताया कि एटीएम बदलकर साइबर फ्रॉड वह पैसा निकल रहा था । उसके निशान देही पर गिरोह के दो और सदस्यों को एटीएम कार्ड 45100 एवं दूसरे के पास से 32,500 नगद के साथ गिरफ्तार किया। बिहार शरीफ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नुरुल हक ने बताया की पकड़ा गया तीनों आरोपियों का गहन पूछताछ की जा रही है।

### सेना भर्ती रैली के पांचवे दिन 388 युवाओं ने पास की दौड़

**रायपुर / जांचगीर-चांपा ।** पुलिस लाइन, जांचगीर-चांपा में आयोजित किए जा रहे सेना भर्ती रैली के पांचवे दिन आज 19 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ के 07 जिलों- दंतेवाड़ा, जशपुर, कबीरधाम, सरगुजा, बीजापुर, कोंडागांव और बालोद के युवाओं ने अपना कौशल दिखाया । आज के दिन के लिए 1344 युवाओं को एडमिट कार्ड जारी किया गया था, जिसमें से 1124 युवाओं ने अपनी

## जेपी नड्डा से मिलकर खिल उठा शिवराज का चेहरा



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल/नई दिल्ली**
मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जल्द ही केंद्र की राजनीति में सक्रिय दिखेंगे। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के नतीजे तीन दिसंबर को घोषित हुए थे। उसके बाद पहली बार शिवराज दिल्ली में आकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले। उन्होंने मीडिया से बातचीत में साफ कहा कि वह केंद्र और राज्य की राजनीति करते रहेंगे। मध्य प्रदेश में तीन दिसंबर को विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित हुए थे। 230 सीटों वाली विधानसभा में भाजपा ने 163 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया। 11 दिसंबर को विधायक दल की बैठक में मोहन यादव को नेता चुना गया और उन्होंने दो उपमुख्यमंत्रियों- राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा के साथ शपथ लेकर काम भी शुरू कर दिया है। अब तक पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज के भविष्य को लेकर तमाम अटकलें लग रही थी।
2018 में जब भाजपा को चुनावों में हार मिली थी तब शिवराज को पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाकर सदस्यता अभियान का प्रभार सौंपा गया था।
उनके नेतृत्व में मध्य प्रदेश ने कृषि में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके अलावा पूर्व कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर अब मध्य प्रदेश विधानसभा के सदस्य बन चुके हैं और विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी उठाने वाले हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में शिवराज ने कहा कि कार्यकर्ता के नाते मेरे लिए पार्टी जो भी भूमिका तय करेगी, वह काम मैं करूंगा।
जब पूछा गया कि क्या केंद्र की राजनीति करेंगे? इस पर शिवराज ने कहा कि हम राज्य में रहेंगे और केंद्र में भी। मैं अपने बारे में नहीं सोचता। जो अपने बारे में सोचता है, वह अच्छा इंसान नहीं होता। विकसित भारत संकल्प यात्रा में जो भी भूमिका पार्टी तय करेगी, वह काम करूंगा।

## संकल्प यात्राः स्वास्थ्य शिविरों तक पहुंचे एक करोड़ लोग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी जिले से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की थी। इसका उद्देश्य पूरे देश में केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने और सरकारी योजनाओं के बारे में जानरुकता फैलाना था। इतना ही नहीं, विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ऑन-स्पॉट सेवाओं के क्रम में ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन स्वास्थ्य शिविरों में अब तक एक करोड़ से अधिक लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी। मंत्रालय



ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 3,156 ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में 65,348 स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। इनमें अब तक 1,03,55,555 लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई है। इसके साथ ही मंत्रालय ने आयुष्मान भारत कार्ड के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक 19,03,200 से अधिक आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किए जा चुके हैं।
दरअसल, इस साल 15 नवंबर को शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत आयुष्मान ऐप का उपयोग करके आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिन्हें लाभार्थियों को वितरित किया जा रहा हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि सोमवार को आयोजित हेल्थ कैंप में कुल 5,31,025 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस तरह अब तक कुल मिलाकर 84,27,500 कार्ड बनाए जा चुके हैं।

### छत्तीसगढ़ विस के शीत सत्र की आज से शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
छत्तीसगढ़ में विधान सभा के शीत सत्र की शुरूआत होने जा रही है ।वहीं छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल की बैठक मंगलवार यानी आज होगी। इसमें नए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सहित कांग्रेस के सभी 35 विधायक शामिल होंगे।
बैठक शाम 7 बजे रायपुर में डॉ. चरण दास महंत के निवास में होगी। वहीं आज मंगलवार से यहां विधानसभा के शीत सत्र का आगाज होने जा रहा है। यह सत्र दो मायनो में काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। पहला कि संसद की सुरक्षा में चूक के बाद यह विधानसभा का पहला सत्र है।

### 10 साइबर अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने 10 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है ।अबतक सैकड़ों साइबर ठगों की गिरफ्तारी व पुलिसिया कार्रवाई के बावजूद इलाके के विभिन्न गांवों में ठगी का मामला जोरों पर है.इसी कड़ी में थाना क्षेत्र के मसुदा गांव से सात व मोसमा गांव से तीन साइबर अपराधी को ठगी से संबंधित दस्तावेजों के साथ स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया. मंगलवार को थाना परिसर में प्रेसवार्ता का आयोजन कर पकरीबरावां एसडीपीओ महेश कुमार चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अफरातफरी में की गई।

## तमिलनाडु के मंत्री और उनकी पत्नी आय से अधिक संपत्ति मामले में दोषी करार

**चेन्नई :** मद्रास उच्च न्यायालय ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री और द्रमुक नेता के. पोनमुडी व उनकी पत्नी पी. विसालक्षी को बरी करने के निचली अदालत के आदेश को मंगलवार को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन ने सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय की अपील पर आदेश पारित किया और मंत्री व उनकी पत्नी को दोषी ठहराया। न्यायाधीश ने उन्हें सुनने के बाद सजा सुनाने के लिए 21 दिसंबर को अदालत में मौजूद रहने का निर्देश दिया।
न्यायाधीश ने विल्लुपुरम के मुख्य जिला न्यायाधीश के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पोनमुडी और उनकी पत्नी को मामले में बरी कर दिया गया था। पोनमुडी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (1) (ई) के साथ धारा 13 (2) के तहत आरोप साबित होते हैं। इस तरह की धाराएं लोक सेवक द्वारा आपराधिक कदाचार और अवैध संपत्ति अर्जित करने से जुड़ी हैं।

## पुलिस ने सुकमा में नक्सलियों द्वारा बनाये गए विशालकाय स्मारक को किया ध्वस्त

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश के परिपालन में पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा राज्य में नक्सलियों के विरूद्ध कार्रवाई तेज कर दी गई है। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत बस्तर अंचल के सुदूर इलाकों में एरिया डामिनेशन और काम्बिंग शुरू कर दी गई है। बड़े पैमाने पर सर्चिंग की जा रही है। इसी सिलसिले में सोमवार को सुकमा जिले के सलातोंग गांव के



मध्य नक्सलियों द्वारा बनाया गया विशालकाय स्मारक पुलिस के जवानों की मौजूदगी में ध्वस्त कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के निर्देशन में एएसपी नक्सल ऑपरेशन प्रभात कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस जवान सलातोंग गांव पहुंचे और गांव के बीच बने नक्सली स्मारक को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त कर दिया। पूरे जिले में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

**संकट...** भारतीय तट रक्षक बल और वायु सेना ने मदद कार्यों के लिए हेलीकॉप्टर तैनात किए हैं

## चार जिलों में बाढ़ से हालात बिगड़े, वायु सेना ने संभाला मोर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**
तमिलनाडु के चार जिलों में बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। पिछले 24 घंटे में हुई तेज बारिश ने दक्षिणी जिलों थूथुकुडी, तिरुनेलवेली, तेनकासी और कन्याकुमारी में भारी तबाही मचाई है। भारतीय तट रक्षक बल और वायु सेना ने मदद कार्यों के लिए हेलीकॉप्टर तैनात किए हैं। भारतीय तट रक्षक बल ने दक्षिणी तमिलनाडु में बाढ़ राहत के लिए मदुरै में पहले से ही परिचालन में मौजूद डोर्नियर और एएलएच का समर्थन करने के लिए एक अतिरिक्त उन्नत लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) तैनात किया है।



पिछले 24 घंटों में अभूतपूर्व बारिश होने से तिरुनेलवेली और थूथुकुडी जिलों में व्यापक बाढ़ आ गई। वायु सेना स्टेशन सुलूर को राहत एवं बचाव कार्यों का ऑपरेशन सौंपा गया है। मौजूदा समय में वायु सेना के एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर से बाढ़ पीड़ितों का रेस्क्यू ऑपरेशन किया जा रहा है। थूथुकुडी, तिरुनेलवेली, तेनकासी और कन्याकुमारी जिलों में बारिश और बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लाखों लोग घरों में फंसे हैं। सुरक्षाबलों की मदद से बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान शुरू किया गया है। इन चार जिलों का संपर्क तमिलनाडु के बाकी हिस्सों से कट गया है। अधिकारियों ने कहा कि सोमवार सुबह तक 1,039 बच्चों सहित 7,434 लोगों को राहत शिविरों में भेजा गया है। कई जगह बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी है। कुछ स्थानों पर मोबाइल टावर ध्वस्त हो जाने से नेटवर्क में बाधा आ गई है। राज्य सरकार ने सोमवार देर रात तक जनहानि के आंकड़े जारी नहीं किए। हालांकि, चार जिलों में हजारों एकड़ फसल जलमग्न हो गई है। सैकड़ों वाहन बह गए हैं।



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 339 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# नंगलीपुना: 8 दिन से लापता बच्ची का मिला सुराग

## = मकान मालिक संग दिखी आखिरी बार, नाराज लोगों के प्रदर्शन से कई किमी. तक लगा जाम





### पूछताछ...

8 पुलिस मकान मालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मकान मालिक ने बच्ची की हत्या कर नहर में फेंकने की बाद कबूल की थी।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** थाना स्वरूप नगर इलाके से 12 दिसंबर से गायब 9 वर्षीय बच्ची को पुलिस अभी तक तलाश नहीं पाई है। जिससे स्थानीय लोगों का आज गुस्सा फूट पड़ा।

गुस्साए सैकड़ों लोग अपने हाथों में पोस्टर बैनर लेकर आज सुबह 11 बजे नंगलीपुना स्थित जीटी करनाल के साथ वाली सड़क पर आ गए। लोग इंसाफ की मांग कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक 55 वर्षीय मकाम मालिक ही सीसीटीवी में बच्ची को एक कार से ले जाते दिखा था।


जिसके बाद पुलिस मकान मालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मकान मालिक ने बच्ची की हत्या कर नहर में फेंकने की बाद कबूल की थी। जिसके बाद से ही पुलिस खेड़ा नहर में बच्ची को तलाशने के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही है। लेकिन अभी तक बच्ची का कोई पता नहीं चला है।

**कई किलोमीटर तक लगा जाम**
अभी भी प्रदर्शनकारी सड़क पर जमे हुए हैं। जीटी करनाल के पास से गुजरने वाली नांगलीपुना मुख्य रोड पर करीब 5 किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया है। मौके पर पुलिस के जवान प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटने के लिए समझा रही है।

**नहर का पानी रोक, बच्ची का पता लगा रही पुलिस**
एक पुलिस के आलाधिकारी ने बताया कि खेड़ा से गुजरने वाली नहर में हरियाणा से पानी आता है। नहर में पानी अधिक होने के कारण सर्च ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। ऐसे में हरियाणा पुलिस से संपर्क कर नहर के पानी को रोकवाया गया है। नहर में जलस्तर कम होते ही बच्ची को तलाश पाना संभव होगा।

## दिल्ली में बच्ची को किडनैप कर की हैवानियत, फिर मासूम को मार डाला, नहर में फेंका शव

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके में नौ साल की एक बच्ची को किडनैप करके हैवानियत करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि दुष्कर्म करने के बाद आरोपी ने बच्ची हत्या कर दी और शव नहर में फेंक दिया।



**फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं माता-पिता**
पुलिस के मुताबिक, 12 दिसंबर को रात आठ बजकर 30 मिनट पर नंगली पूना गांव निवासी नौ साल की बच्ची के अपहरण की सूचना मिली। पीड़िता के माता-पिता एक फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी घर के बाहर खेल रही थी, तभी उसका अपहरण हो गया।

**आरोपी की गाड़ी में बैठी दिखी बच्ची**
आरोपी की पहचान संजीव राणा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए टीमें गठित की गईं। जांच में पता चला कि पीड़िता 12 दिसंबर की दोपहर करीब 2 बजे आरोपी की गाड़ी में बैठी थी। जब लड़की की तलाश चल रही थी, तो आरोपी एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया और उसे 15 दिसंबर को रोहिणी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस टीम को अस्पताल भेजा गया, लेकिन वह बयान के लिए अयोग्य था। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने 17 दिसंबर को बच्ची का अपहरण करके दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपी ने बच्ची की हत्या करने और उसके शव को मुनक नहर में फेंकने की बात कबूल की।

**पुलिस ने दर्ज किया केस**
पुलिस अधिकारी ने कहा कि मंगलवार को पीड़िता के शव की तलाश के लिए आरोपियों को लाया जाएगा। नंगली पूना के रहने वाले आरोपी संजीव राणा को नाबालिग लड़की के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के आरोप में धारा 364, 302, 201 आईपीसी और 6 पॉक्सो अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## युवक की गला रेतकर हत्या, खून से लथपथ मिला शव

**नई दिल्ली।** न्यू उस्मानपुर थाना क्षेत्र में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। युवक का शव घर में ही टॉयलेट के बाहर खून से लथपथ हालत में मिला। पास में ही एक एक चाकू पड़ा हुआ मिला। पुलिस ने हत्या की धारा में केस दर्ज कर लिया है।

**12 साल पहले हुई थी शादी :** पुलिस के मुताबिक, दिल्ली के जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में रामजी लाल (37) के मौत के बारे में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। मृतक की पत्नी सुधा कुमावत ने बताया कि 12 साल पहले रामजी लाल के साथ उसकी शादी हुई। 11 साल और आठ साल के उनके दो बच्चे हैं।

**नर्सिंग स्टाफ का करता था काम:** वे राजस्थान के सीकर के रहने वाले हैं। रामजी लाल दिल्ली के जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में नर्सिंग स्टॉफ के रूप में काम करते हैं। सुधा 2016 से सीलमपुर में एक सरकारी स्कूल में गेस्ट टीचर है। जयपुर में एक शादी में शामिल होने के बाद 19 दिसंबर को रात बारह बजकर 30 मिनट पर वे जयपुर से घर पहुंचे।

**खून से लथपथ मिला शव:** महिला के मुताबिक, बच्चे एक बेडरूम में सोए थे, जबकि दूसरे कमरे में सोने से पहले पति-पत्नी ने करीब घंटे तक एक दूसरे से बात की। इसके बाद मंगलवार को वह सुबह छह बजे सोकर उठी और देखा कि रामजी लाल टॉयलेट के बाहर खून से लथपथ मिले। उनके पास एक चाकू पड़ा हुआ था।



**हत्या की धारा में केस दर्ज:** रामजी लाल को अस्पताल की इमरजेंसी ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के गर्दन पर दाहिनी ओर गहरे चोट के निशान मिले। न्यू उस्मानपुर थाने में हत्या की धारा में केस दर्ज कर लिया गया।

## दिल्ली के इस अस्पताल में बनेगा 200 बेड का विश्राम सदन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (एलएचएमसी) से जुड़े सुचेता कृपलानी और कलावती सरन अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों और तीमारदारों के ठहरने के लिए एक बड़े विश्राम सदन का निर्माण किया जाएगा। इस विश्राम सदन के निर्माण के लिए एलएचएमसी प्रशासन को कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी (सीएसआर) के तहत 22 करोड़ का फंड मिला है। इस फंड से ही इस विश्राम सदन का निर्माण होगा। जिसमें 200 लोगों के ठहरने की सुविधा होगी। इसका निर्माण पूरा होने पर अस्पताल में दूर दराज से पहुंचने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को बड़ी राहत मिलेगी। एलएचएमसी से जुड़े अस्पतालों में दूसरे राज्यों से भी मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं।

**अभी तक एलएचएमसी में नहीं है कोई धर्मशाला**
खास तौर पर कलावती सरन बाल चिकित्सा केंद्र में दूसरे राज्यों से अधिक मरीज पहुंचते हैं, लेकिन अभी तक एलएचएमसी में कोई धर्मशाला नहीं है जहां जरूरत पड़ने पर मरीज और उनके तीमारदार ठहर सकें। इस वजह से मरीजों को परेशानी होती है। इसके मद्देनजर एलएचएमसी में विश्राम सदन बनाने की पहल की गई है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार पंचकुइयां रोड के चौराहे के पास 2450 वर्ग मीटर जमीन में इस विश्राम सदन का निर्माण होगा। इसके लिए पावर ट्रेडिंग कॉरपोरेशन (पीटीसी) फाउंडेशन ट्रस्ट ने सीएसआर के तहत फंड दिया है। यह विश्राम सदन चार तल होगा।

## भाजपा सरकार से जो भी सवाल करेगा वो जेल जाएगा: राघव चड्ढा


**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी के भेजे समन को लेकर सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि आज इस देश में अगर कोई भी व्यक्ति भाजपा सरकार से सवाल करता है तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है या फिर सस्पेंड कर दिया जाता है। राघव चड्ढा ने कहा कि आज अगर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सत्येंद्र जैन भाजपा में शामिल होने के लिए हामी भर देते हैं तो वो दो मिनट के अंदर जेल से छूटकर बाहर आ जाएंगे और भाजपा उन्हें ढोल-नगाड़ों के साथ अपनी पार्टी में शामिल करा लेगी। ऐसा ही कुछ हम सबने महाराष्ट्र में देखा है। महाराष्ट्र में छगन भुजबल, अजित पवार को भाजपा भ्रष्ट कहती थी। इन पर ईडी औ? सीबीआई ने कई मुकदमे किए। ये नेता जैसे ही भाजपा में शामिल हुए, उनके ऊपर लगे सारे मुकदमे ठंडे बस्ते में डाल दिए गए या बंद कर दिए और उन्हें गले लगाकर भाजपा में शामिल कर लिया गया। चड्ढा ने कहा कि इसका स्पष्ट मतलब ये है कि आज अगर भाजपा किसी से डरती है तो वो अरविंद केजरीवाल हैं। इसलिए भाजपा अरविंद केजरीवाल को कमजोर करना चाहती है।




संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान महात्मा गांधी प्रतिमा पर विरोध प्रदर्शन के दौरान निलंबित विपक्षी सांसदों के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी।

## दिल्ली में थाने के पास युवक की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या

**पूर्वी दिल्ली।** वेलकम थाने के पास चाकू से ताबड़तोड़ वार कर युवक की हत्या कर दी। मंगलवार सुबह अर्धनग्न हालत में युवक का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जीटीबी अस्पताल पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वेलकम थाना पुलिस हत्या की धारा में प्राथमिकी पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है। हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। वारदात स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर पुलिस आरोपितों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जाय टिर्की ने बताया कि मंगलवार सुबह 7 :55 बजे पुलिस को सूचना मिली कि वेस्ट गोरख पार्क स्थित समुदाय भवन के पास सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा शव रजाई से ढका हुआ है।




## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे आडवाणी

### आडवाणी ने रामजन्म भूमि के लिए सोमनाथ से रथयात्रा निकाली थी।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को न्योता दिया गया है। आडवाणी के साथ भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी को भी समारोह के लिए आमंत्रण पत्र भेजा गया है।

**वह आने का पूरा प्रयास करेंगे- विहिप**
विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन के पुरोधा लाल कृष्ण आडवाणी और डॉ मुरली मनोहर जोशी को अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। उनसे राम मंदिर के आंदोलन के बारे में बात हुई। दोनों वरिष्ठों ने कहा कि वह आने का पूरा प्रयास करेंगे।

**आडवाणी ने रखी थी मंदिर आंदोलन की नींव**
खास बात है कि लालकृष्ण आडवाणी ने ही अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन की नींव रखी थी। आडवाणी ने रामजन्म भूमि के लिए सोमनाथ से रथयात्रा निकाली थी। आडवाणी की रथयात्रा को डेढ़ महीने बाद अयोध्या पहुंचना था। हालांकि, बिहार में आडवाणी को गिरफ्तार कर लिया गया।



**चंपतराय ने आडवाणी को लेकर कही थी ये बात**
इससे पहले सोमवार को रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि लाल कृष्ण आडवाणी जिनकी उम्र 96 साल और मुरली मनोहर जोशी जो कि 90 वर्ष के हो जाएंगे। उनसे उम्र और स्वास्थ्य के आधार पर अनुरोध किया गया था कि वे अगले राम मंदिर के अभिषेक में शामिल न हों।

### निमंत्रण

8 आडवाणी और डॉ मुरली मनोहर जोशी को अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया।

दोनों से अनुरोध किया गया है और उन्होंने अनुरोध को स्वीकार भी कर लिया है। चंपतराय ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सभी तैयारियां जोरों पर हैं जो कि अगले साल 15 जनवरी तक पूरी हो जाएंगी। साथ ही 16 जनवरी से प्राण प्रतिष्ठा का पूजन शुरू हो जाएगा जो कि 22 जनवरी तक चलेगा। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई क्षेत्रों के लोग प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे।

# स्वतंत्रता सेनानियों का ऋणी रहेगा देश: मेहताब सिंह

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आर्य** बाल भारती परिसर में महान स्वतंत्रता सेनानी और महान बलिदानी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खान का बलिदान दिवस पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के कोषाध्यक्ष मेहताब सिंह आर्य रहे, विशिष्ट अतिथि प्रबंधक जसवीर ग्वालडा आर्य समाज काबड़ी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य रहे और प्राचार्य सत्यवान आर्य ने समारोह की अध्यक्षता की इस अवसर पर एक भाषण वह गीत प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया और प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया समारोह का शुभारंभ गायत्री मंत्र से और समापन शांति पाठ के साथ हुआ इस अवसर पर ऋषि



दयानंद, स्वामी श्रद्धानंद महान स्वतंत्रता सेनानी राजेंद्र नाथ लाहड़ी अमर शहीद रणवीर सिंह आर्य अमर शहीद संदीप सिंह आर्य और आचार्य बलदेव को भी बार-बार याद किया गया यह जानकारी विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने दी समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कोषाध्यक्ष मेहताब आर्य ने कहा कि यह देश उन सभी ज्ञात अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदानियों का हमेशा ऋणी रहेगा जिन्होंने इस देश को आजाद करवाने और आजाद देश को सही दिशा प्रदान करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया उन्होंने कहा की काकोरी कांड देश की आजादी के लिए हुआ था और इस कांड के प्रमुख अभियुक्त स्वतंत्रता सेनानी एवं युवा क्रांतिकारी नेता राजेंद्र नाथ लाहड़ी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल अशफाक उल्ला खान और ठाकुर रोशन सिंह ने अपना बलिदान दिया उन्होंने कहा कि यूं तो आजादी के बाद भारत ने सभी क्षेत्रों में बड़ी तेजी से विकास किया है लेकिन गत 15 वर्षों के दौरान देश का अभूतपूर्व विकास हुआ है अब भारत में ही नहीं विदेश में भी भारत की शेख पहले से बहुत बेहतर हो गई है और विदेशों में भारतीयों का सम्मान पहले से अधिक होने लगा है उन्होंने कहा कि वैदिक धर्म में सभी ऋषि मुनियों और वेदा चार्यों का जहां विशेष सम्मान होता है वहीं स्वतंत्रता सेनानियों बलिदानियों और नोबल पुरस्कार प्राप्त वैज्ञानिकों और महा पुरुषों को भी समय समय पर याद किया जाता है ।

उन्होंने कहा कि जीवन एक संघर्ष है और इस जीवन संघर्ष में उन्हीं लोगों का व्यक्तित्व निखरता है जो ब्रह्मचर्य आश्रम में रहते हुए चरित्र नामक लोहे की भट्टी में तपकर शक्तिशाली बनते हैं । उन्होंने कहा कि चुनौतियाँ सभी के जीवन में आती हैं ये चुनौतियाँ व्यक्ति की सामर्थ को सफलता प्रदान करती हैं जो व्यक्ति संघर्ष को आभूषण मानकर उसे अंगीकार करते हैं वही एक नया विश्व इतिहास रचते हैं । इसीलिए सभी छात्र छात्राओं को आगामी परीक्षाओं को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए कड़ी मेहनत करके विधालय को परीक्षा प्रिणाम की टॉप टेन की सूची में लाने का पूर्ण प्रयास करे ।

उन्होंने कहा की संस्कार विहीन विद्या विनाश का कारण भी बन सकती है इसीलिए सभी छात्र जहां विद्वान बनने के लिए परिश्रम करें वहीं बलवान और चरित्रवान बनने के सभी प्रयास भी करे और सभी अध्यापकों और अभिभावकों का पूरा सम्मान करते हुए दिमाग केंद्रित करके विद्या अध्यन्न करें। फोटोज कैप्शन प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि महताब आर्य और प्राचार्य सत्यवान आर्य ।

# सफर-ऐ-शाहादत साप्ताहिक धार्मिक समागम आज से शुरू



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**गुरू गोबिन्द** सिंह जी के चारों साहिबजादों व गुरू गोबिन्द सिंह जी की माता गुजर कौर जी की महान शहीदी के उपलक्ष्य में पहली बार हरियाण सिक्ख गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी की ओर से हरियाणा प्रदेश भर के सात ऐतिहासिक गुरूद्वारों में धार्मिक समागम का आयोजन किया जा रहा है। हरियाणा सिक्ख गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के कार्यकारी सदस्य विनर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कमेटी के अध्यक्ष भूपिन्द्र सिंह असंध महासचिव, रमनीक सिंह मान के नेतृत्व में समूह सदस्यों व संगतों के सहयोग से पहली बार यह समागम हरियाणा के गुरूद्वारा साहिबों में करवाया जा रहा है। पहला समागम आज दिनांक 18.12.2023 को गुरूद्वारा नीम साहिब पातशाही नौंवी कैथल में हुआ। कुरूक्षेत्र स्थित गुरूद्वारा साहिब पातशाही छेवी, दिनांक 20.12.2023 दिन बुधवार को गुरूद्वारा श्री गुरू राम दास जी मॉडल टाउन, पानीपत, दिनांक 21.12.2023 दिन वीरवार को गुरूद्वारा साहिब पातशाही दसवीं सिरसा में, दिनांक 22.12.2023 दिन शुक्रवार को गुरूद्वारा साहिब पातशाही दसवीं हनुमानगेट जगाधरी, दिनांक 23.12.2023 को शनिवार गुरूद्वारा साहिब पातशाही नौवी तारावड़ी करनाल में, दिनांक 24.12.2023 को गुरूद्वारा श्री पंजोखरा साहिब पातशाही आठवीं अम्बाला में होगा। यह समागम रोजाना सांय 6 बजे से आरम्भ होकर रात्रि 10 बजे तक चलेगा। इस समागम में विभिन्न रागी जत्थे, कविजन, कथा वाचक, ढाड़ी जत्थे व कथा वाचक संगतों को गुरूवाणी या इतिहास सुनाकर निहाल करेंगे। जिसमें भाई अमनदीप सिंह जी श्री अमृतसर वाले, भाई शौकीन सिंह जी हजुरी रागी श्री दरबार साहिब, भाई सुखवंत सिंह जी हजुरी रागी श्री दरबार साहिब, भाई जगजीत सिंह बबिहा दिल्ली वाले, प्रिंसीपल मनिन्दर पाल जी रोपड़, कवि अवतार सिंह तारी श्री अमृतसर, कवि भाई कर्मजीत सिंह जी जलान्धर वाले, भाई प्रदीप जी जलान्धर, भाई मन्ना जी, भाई जसबीर सिंह जी मान ढाड़ी जत्था, भाई गुरूप्रीत सिंह जी लांडरा वाले कथा कीर्तन द्वारा संगतों को निहाल करेंगे। इन सारें समागमों का सीधा प्रसारण वर्ल्ड पंजाबी टी वी चैनल के अलावा फेसबुक व यू टयूब चैनलों पर किया जा जाएगा।


हरियाणा सिक्ख गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के कार्यकारी सदस्य विनर सिंह व धर्मप्रचार कमेटी के सचिव गुरूबक्श सिंह व भरपूर सिंह ने समूह संगतों को इन समागमों में अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित पहुंचने की अपील की है।

## न्यूज फ्लैश

### साहा में बाइक रिपेयरिंग की दुकान में लगी भीषण आग

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा के** अंबाला जिले के साहा में बस स्टैंड के पास बीती रात बाइक रिपेयर की दुकान में भीषण आग लग गई, जिसमें 4 बाइक समेत लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग की लपटें उठती देख राहगीरों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को कॉल करके सूचना दी, जिसके बाद अंबाला से मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने देर रात तक आग पर काबू पाया। दुकानदार दीपक कुमार ने बताया कि उसकी साहा की बाजीगर बस्ती के पास बाइक रिपेयर की दुकान है। सोमवार रात अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण दुकान में आग लग गई। जब वह मौके पर पहुंचा तो दुकान से आग की लपटें बाहर निकल रही थीं। दुकान में सर्विस के लिए रखी 4 बाइक जल गईं। इसके अलावा दुकान में रखा अन्य लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के एफएम सुरेश कुमार, हरजिंद्र सिंह, एफओ वरुण व गौरव की टीम ने आग पर काबू पाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के एफएम सुरेश कुमार, हरजिंद्र सिंह, एफओ वरुण व गौरव की टीम ने आग पर काबू पाया।
**घर लौट रहे युवकों ने आग लगी देखी:** साहा के मोहित ने बताया कि पौने 9 बजे बर्गर खाकर वापस लौट रहे थे। दुकान से धुआं निकल रहा था। जब पड़ोसी ने चाबी से दुकान का शटर खोला तो 2 मिनट में भी आग की लपटें उठने लगीं। इसके तुरंत बाद सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलने के लगभग आधे घंटे बाद गाड़ी मौके पर पहुंची। यहां कड़ी मशक्कत के बाद 15 से 20 मिनट में आग पर काबू पाया।

### एंजेल प्राइम मॉल को एचएसबीपी का 18, ( 1 ) बी के तहत नोटिस, एक सप्ताह में खाली करने का नोटिस किया चस्पा




**पानीपत/कमाल हुसैन**
**एंजेल प्राइम** मॉल को लेकर एचएसवीपी का 18( 1 ) बी के तहत एक सप्ताह में खाली करने का नोटिस चस्पा किया गया 7 दिसंबर के हाईकोर्ट के आदेश के बाद हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की एंजेल मॉल को सील करने की प्रक्रिया शुरू हो गई एंजेल मॉल पर चश्पा नोटिस में लिखा गया है कि 29 नवंबर 2023 को एंजेल प्राइम मॉल सेक्टर 12 को हरियाणा शायरी विकास प्राधिकरण के नियमों के विरुद्ध किए गए अवैध निर्माण के चलते रिज्यूम कर लिया गया था अब एक सप्ताह के अंदर इसे खाली करने के आदेश दिए गए हैं अगर नोटिस पर अमल नहीं किया जाता तो हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण इस पर अपनी पोजीशन लेने की कार्रवाई शुरू कर देगा।

ज्ञात रहे की सामाजिक कार्यकर्ता जोगेंद्र स्वामी द्वारा 2018 में उच्च न्यायालय में पार्किंग की जगह पर गलत तरीके से चलाए जा रहे हैं बैंकट हॉल को लेकर याचिका दायर की थी जिसमें कोर्ट को गुमराह करने पर एचएसबीपी पानीपत को 50 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया था उसके बाद एचएसवीपी द्वारा एंजेल प्राइम मॉल के अंदर किए गए। एंक्रोचमेंट को लेकर एक कमेटी गठित की गई जिसमें पाया गया की माल के अंदर काफी एंक्रोचमेंट है जिसकी एचएसबीपी द्वारा 7 दिसंबर को उच्च न्यायालय में स्टेटस रिपोर्ट पेश कर एंजेल मॉल को रिज्यूम करने की बात कही गई जिस पर अब हुडा विभाग द्वारा कार्रवाई करना शुरू कर दिया गया।

### 8 ग्राम 30 मिलीग्राम स्मैक सहित महिला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**सीआईए टू** की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर महिला आरोपी रानी पत्नी बिट्टू वासी सोरगिर मोहल्ला इंद्री को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 8 ग्राम 30 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई। इस संबंध में महिला आरोपी के खिलाफ थाना इंद्री में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# साहिबजादो की शहादत को नहीं भूलना चाहिए: नरेश मित्तल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) सेवा** ट्रस्ट यूके (भारत) और गुरु ग्रंथ सेवक ट्रस्ट के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर, आँखों का जाँच शिविर और एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादो की शहादत और रोहन मित्तल की याद में ब्राइट फ्यूचर ए आई आई खान अहमदपुर, अम्बाला मे किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा जसदीप सिंह, एचएसजीपीसी मेम्बर सुखविन्द्र सिंह ने की । आये हुए सभी अतिथियों का ब्राइट फ्यूचर अकादमी के प्रबंधक प्रीतपाल सिंह, जगतार सिंह और स्टाफ सदस्यों द्वारा फूल-मालायों से



स्वागत किया गया । रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया` बराडा के प्रसिद समाजसेवी व व्यवसाई प्रिंस बवेजा और उनके पुत्र ने भी रक्तदान कर पुण्य के इस कार्य में अपना सहरानीय योगदान दिया । इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन नरेश मित्तल ने कहा कि हमे साहिबजादो की शहादत को नहीं भूलना चाहिए और उनके बारे में अपने बच्चो को बताना चाहिए । उन्होंने सभी रक्तदाताओं का तहेदिल से धन्यवाद किया जिन्होंने समाज सेवा में अपना अतुलनीय योगदान दिया । इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट के राज्य कोऑर्डिनेटर पवन पराशर बताया कि कहा कि रक्तदान करने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है साथ ही तनाव और नकारात्मक विचार दूर रहते हैं । नियमित रूप से रक्तदान करने से शरीर में इकट्ठे होने वाले आयरन की मात्रा में कमी आती है जिससे हार्ट अटैक का जोखिम कम होता है ।
रक्तदान से न सिर्फ आपके शरीर पर बल्कि दिमाग पर भी सकारात्मक असर पड़ता है । सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा सभी रक्तदाताओं,
अतिथियों, डॉक्टर्स की टीम, ब्राइट फ्यूचर के स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को संस्था की को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से बूस्टर गिफ्ट पैक उपहार स्वरूप देकर सम्मानित किया गया।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाला काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**थाना** कुंजपुरा की टीम ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपएकी ठगी करने वाले आरोपी सुमित लाठर पुत्र जसविंद्र सिंह वासी नगला रोड़ान को कुंजपुरा से विश्वसनीय सूचना पर गिरफ्तार किया। इस संबंध में शिकायतकर्ता दीपक राज पुत्र बलजीत सिंह वासी दयालपुरा कुरुक्षेत्र ने शिकायत दी थी कि आरोपी सुमित लाठर ने उसके साले दिलबाग वासी नगला रोड़ान को अमेरिका भेजने के नाम पर 18 लाख की धोखाधड़ी की है। आरोपी सुमित पीड़ित दिलबाग का पड़ोसी है। आरोपी सुमित ने दिलबाग को 35 लाख में अमेरिका भेजने का करार कर लिया। आरोपी सुमित ने दिलबाग का पासपोर्ट व अन्य कागजात और पांच लाख रुपए ले लिए। 20 जुलाई को आरोपी ने दिलबाग को आर्मेनिया भेज दिया। वहां से सर्बिया और वहां से रोमानिया और फिर आस्ट्रिया और वहां से 11 सितंबर को स्पेन भेज दिया। अब तक आरोपी उनसे 18 लाख रुपए ठग चुका था।
फिर आरोपी ने दिलबाग को स्पेन से अमेरिका भेजने के लिए पचास लाख की ओर मांग करने लगा और कहने लगा की अगर पैसे नहीं दिए तो वह दिलबाग को आगे नहीं भिजवाएगा।

# 7 जनवरी को मनाई जायेगी ज्ञानी अमर सिंह नूर की बरसी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) पंथ** प्रसिद्ध ढाडी ज्ञानी अमर सिंह नूर की सलाना पहली बरसी मनाने के संबंध में आज गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मच्छौंडा में जथेदार हरपाल सिंह मच्छौंडा मेम्बर एस. जी. पी. सी. की अध्यक्षता में की गयी जिस्मे जथेदार मच्छौंडा ने बताया के ज्ञानी अमर सिंह नूर जिनकी सलाना याद 7 जनवरी, दिन रविवार को समूह मच्छौंडा व इलाका वासी व परिवार कि ओर से गुरुद्वारा मच्छौंडा में मनाई जाएगी जिस्मे पंथ प्रसिद्ध रागी, ढाडी, संत महापुरुष व कई महान हस्तियाँ भाग लेगी।



जथेदार मच्छौंडा ने बताया के ज्ञानी अमर सिंह नूर जिन्होंने गाँव मच्छौंडा से देशों-विदेशों में पूरे पंथ की सारी ज़िंदगी प्रचार द्वारा सेवा की गाँव व इलाके का नाम रोशन किया जो पिछले साल 7 जनवरी 2023 को अकाल चलाना कर गये थे जिनकी पहली स्लाना याद 7 जनवरी 2024 को मनाई जा रही है। हम सभी का क्रतव्य है कि ऐसी महान हस्ती की याद रल मिल कर मनाये व उन्होंने सभी को इसमें भाग लेने का बुलावा दिया। आज की मीटिंग में विशेषकर सुखजीन्दर सिंह नूर, नारंग सिंह नूर, गगन सिंह नूर।

# स्वामी सम्पूणार्नंद ने हादसे में घायल रमेश सैनी का जाना हाल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**आर्य** जगत के जाने माने विद्वान तथा आर्य गुरुकुल नली खुर्द के प्रमुख स्वामी सम्पूणार्नंद जी आज कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव रमेश सैनी के निवास पर पहुंचे। उन्होंने सैनी का हाल चाल जाना। सैनी का पिछले दिनों कांग्रेस की बैठक से लौटते समय एक्सीडेंट हो गया था। उसके बाद वह अपने निवास पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। रमेश सैनी का हाल-चाल जानने वालों का तांता लगा हुआ है। उन्हें देखने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भपेंद्र सिंह हुड्डा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, पूर्व विधायक करण सिंह दलाल, सुमिता सिंह, पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, पूर्व सासंद गुरदयाल सैनी, पूर्व मंत्री भीमसेन मैहता।

# कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**गांधी मेमोरियल नेशनल** कॉलेज की आई.सी.सी कमेटी द्वारा कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न जागरूकता विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। पोस्टर के माध्यम से छात्राओं द्वारा कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न विषय को उजागर किया गया। लगभग 45 छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।
प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्राओं को विषय की संवेदनशीलता और चर्चा की आवश्यकता के बारे में बताया और छात्राओं से भारतीय



संविधान द्वारा उन्हें दिए गए अधिकारों और सुरक्षा के बारे में जागरूक होने का आग्रह किया। इस प्रतियोगिता की संयोजिका प्राध्यापिका कमलेश कुमारी द्वारा भी छात्राओं को जागरूक किया गया। डॉ.अमिता ने छात्राओं को इस प्रकार के आयोजन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के परिणाम कुछ इस प्रकार रहे - प्रथम स्थान पर बी.ए प्रथम वर्ष की छात्रा किरण तो वहीं द्वितीय स्थान बी.ए प्रथम वर्षीय राजनीतिक विज्ञान ऑनर्स की छात्रा राधिका ने हासिल किया। तृतीय स्थान पर पलक बी.सी.ए प्रथम वर्ष की छात्रा रही।

# रैडक्रॉस सोसायटी के महासचिव ने किया शिविर का शुभारंभ




**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला रैडक्रॉस** सोसायटी द्वारा एसएम हिंदू स्कूल में आयोजित 5 दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी के महासचिव डॉ० मुकेश अग्रवाल ने झण्डा फहराकर किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों को रैडक्रॉस का वोलिनटियर बनकर आमजन की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए जागरूक किया।
महासचिव ने बताया कि वर्तमान समय में रैडक्रॉस हरियाणा रैडक्रॉस की सभी गतिविधियों में प्रथम पायदान पर है, जिसके लिए माननीय राष्ट्रपति द्वारा भी हरियाणा को राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव गौरव रामकरण ने उपस्थित विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने व यातायात के नियमों का पालन करने के लिए शपथ

**शुभारंभ**

**8 भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी के महासचिव डॉक्टर मुकेश अग्रवाल ने झण्डा फहराकर किया।**

दिलाई। जेआरसी कोर्डिनेटर द्वारा सभी प्रतिभागियों को रक्तदान व अंगदान करने के प्रति जागरूक किया।
शिविर के दूसरे दिन योगा प्रशिक्षक यशपाल आर्य ने सभी प्रतिभागियों को योग विधियों के बारे तथा योग से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान प्रतिभागियों को दुर्घटना के समय प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस मौके पर एसएम हिंदू स्कूल की प्रिंसिपल किरण गुप्ता, रैडक्रॉस कार्यालय से लेखाकार मुकेश कुमार, टीआई सोमबीर तथा प्रेम कुमार सहित अनेक प्रतिभागी मौजूद रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष ने किया विश्वकर्मा धीमान समाज की इकाई का गठन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) श्री** विश्वकर्मा मंदिर अंबाला शहर में विश्वकर्मा धीमान समाज हरियाणा की मीटिंग हुई जिसकी अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष श्री विजय धीमान द्वारा की गई । जिसमे जिसमें अंबाला शहर इकाई का गठन किया गया और अंबाला शहर इकाई का प्रधान गगन धीमान, महासचिव गुरुचरण धीमान, कैशियर सचिन धीमान को बनाया गया। उप प्रधान- राजकुमार धीमान एवं राजेंद्र धीमान, सचिव -राधेश्याम धीमान, परवीन धीमान एवं शंटी धीमान को बनाए गया। सह कैशियर- अमन धीमान, संगठन मंत्री -अजय लोहार एवं वरूण



धीमान, प्रबंधक- हैप्पी धीमान एवं रिंकु धीमान एवं अभिषेक धीमान,,एडिटर- वीरेंद्र प्रकाश, मुख्य सलाहकार- अशोक धीमान, मनोज धीमान, एवं कुलविंदर धीमान, कार्यकारणी सदस्य- धर्मेंद्र धीमान एवं तजिंदर धीमान, रमेश धीमान, चेतन धीमन, परदीप धीमान, अनुराग धीमान को बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष विजय धीमान ने संबोधन में कहा कि विश्वकर्मा समाज को राजनीतिक प्रतिनिधित्व राजनीतिक पार्टियों द्वारा नहीं दिया जा रहा है जो भी राजनीतिक पार्टी विश्वकर्मा समाज के लोगों को आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव मे प्रतिनिधित्व देगी उसीका समाज साथ देगा उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि जल्द ही विश्वकर्मा समाज का महासम्मेलन होगा और जगह का चुनाव प्रदेश स्तरीय मीटिंग के बाद निश्चित होगा और उन्होंने समाज के संगठन के विषय में जानकारी दी और और अंबाला शहर इकाई कार्यकारिणी को मजबूत करने के निर्देश दिए आए हुए सभी सदस्यों का धन्यवाद किया इस अवसर पर लक्ष्मी चंद जी विवेक सागर गुरचरण धीमान अन्य लोगों ने अपने विचार रखें और इस अवसर पर अमरीक सिंह गुरनाम सिंह राजकुमार, विवेक सागर इस अवसर पर भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का बहुआयामी उद्देश्य: निर्मला बैरागी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल।**
**हरियाणा पिछड़ा** वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का उद्देश्य बहुआयामी है और जहां-जहां यात्रा से संबंधित कार्यक्रम हो रहा है वहां पर पात्र लाभार्थियों को उनके घर-द्वार पर ही सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस यात्रा में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से गरीब व पिछड़ा वर्ग के पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। चेयरपर्सन ने इन्द्री उपमंडल के गांव गढ़ी गुजरान व बीबीपुर जाटान में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा हरियाणा प्रदेश के गांव-गांव में पहुंचकर सरकार की नीतियों एवं योजनाओं के बारे लोगों को जागरूक करेगी। देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल जनता के सहयोग से देश तेजी से विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह देश की आजादी हासिल करने के लिए सभी देशवासी एकजुट हो गए थे, ठीक उसी प्रकार से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी को संगठित होना होगा।

# मोदी जी गारंटी वाले रथ यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत कर ग्रामीणों ने ली शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आज मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन खेडी गुजरान और पाली में आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रशासन की तरफ से एसडीएम अमित मान के दिशा-निर्देश पर और शासन की तरफ से तहसीलदार सुरेश कुमार व यात्रा के नोडल अधिकारी पवन कुमार सेक्रेटरी ने ग्रामीणों को स्वामित्व पत्र प्रदान किए और वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलवाया। रथ यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत कर ग्रामीणों ने विकसित भारत बनाने की शपथ ली। ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के लिए ड्रोन का प्रदर्शन और महिला एवं बाल विकास विभाग का गोद भरवाई कार्यक्रम दोनों गांवों में आकर्षण का केंद्र बना। विकसित

**संकल्प यात्रा**

**8 तहसीलदार सुरेश कुमार की विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता**

भारत संकल्प यात्रा के जन संवाद कार्यक्रमों में खेडी गुजरान गांव की सरपंच श्रीमती सुशीला ,प्रतिनिधि रणवीर, आज के नोडल अधिकारी पवन कुमार सेक्ट्री, तहसीलदार सुरेश कुमार, नायब तहसीलदार सुरेश कौशिक मुख्य रूप से मौजूद रहे। वहीं पाली गांव के सरपंच रघुवीर सिंह आज के नोडल अधिकारी राजेश पाराशर मौजूद रहे।

इन लोगों ने दी विस्तृत जानकारी:-

महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सुनीता नगर ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के



दौरान महिलाओं को अपनी सेहत का ध्यान रखने के लिए महिलाओं को अपनी सेहत का ध्यान रखने के लिए घरेलू व्यजंनों की ओर अधिक ध्यान देना चाहिए। अपने घर की रसोई में पौष्टिक आहार खा कर स्वास्थ्य को उत्तम रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं, दूध पिलाने वाली माताओं को घर में हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध, फल, दही, लस्सी व सलाद आदि का नियमित रूप से सेवन करना चाहिए। माताएं अपने बच्चों को दालें, खिचड़ी, दलिया, पंजीरी आदि खाने के लिए दें।

उन्होंने कहा कि बाजार की वस्तुएं खाने की बजाय बच्चे घर में बनी चीजें खाएंगे तो हृष्ट-पुष्ट बनेंगे। उन्होंने बताया कि भोजन में तली हुई चीजें, अधिक मसालेदार सब्जी, मांसाहार, पैकेटबंद वस्तुएं खाने से परहेज करना चाहिए।

आपकी बेटी हमारी बेटी योजना के तहत सौम्या गोला पुत्री दिनेश कुमार को ?21000 का बांड सरपंच द्वारा दिलाया गया। जिसमें महिला बाल विकास विभाग से गरिमा सिंह तोमर डीसीपीओ से सुनीता न ागर, अर्चना राजबाला, स्भासिति ,अंजू ने महिला गोद भराई का कार्यक्रम सरपंच के द्वारा करवाया गया श्रीमती रितु वाइफ ऑफ अभिषेक के गोद भराई का कार्यक्रम भी किया।

पाली गांव के सरपंच रघुवीर सिंह आज के नोडल अधिकारी राजेश पाराशर स्वयं सहायता समूह सखी श्रीमती हेमलता ने अपना अनुभव शेयर किया । आपकी बेटी हमारी बेटी योजना के तहत बेटी हिमानी ,चेष्टा ,रसिक, ध्वनि, काव्या, इन बेटियों को 21000-21000 के बांड दिए गए तथा महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सुनीता नगर ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया।

दोनों गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल पर लगाईं गई विभागीय स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद नागरिकों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। गांव में शासन और प्रशासन की तरफ से भाजपा ने स्वामित्व व वृद्धावस्था पेंशन के लाभ पात्रों को उनके दस्तावेज प्रदान किए। इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों के परिवार पहचान पत्र व आधार कार्ड दुरूस्त किए गए।

मेरी कहानी मेरी जुबानी:-

गांव निवासी राकेश ने बताया कि उसे लाल डोरा भूमि में उसके मकान का मालिकाना हक मिल गया है। जिसके लिए वह सरकार का आभारी है। गांव निवासी सतबीर सिंह ने बताया कि उसकी बुढ़ापा पेंशन शुरू हो गई है। इस कार्य के लिए उसे कहीं नहीं जाना पड़ा। आज कृषि विभाग की टीम ने दोनों गांवों में ड्रोन का प्रदर्शन किया। जहां मोबाइल वैन की एलईडी स्क्रीन पर विकासात्मक योजनाओं की लघु फिल्मों के माध्यम से जानकारी दी गई। सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन पार्टी द्वारा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी गीतों के जरिये बेहतर प्रस्तुति दी।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा में पेश दूरसंचार विधेयक को उद्योग जगत ने सराहा

**गुरुग्राम**

लोकसभा में पेश दूरसंचार विधेयक का उद्योग जगत ने स्वागत किया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के सीईओ अक्षय मूंद्रा ने कहा, ह्लसंसद में पेश किया गया दूरसंचार विधेयक, 2023 दूरसंचार सुधार प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतिनिधित्व करता है और भारतीय दूरसंचार को भविष्य के लिए उपयुक्त ढांचा प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है जो कि नए भारत की विकास आकांक्षाओं को प्राप्त करने में मदद करता है।

विधेयक में कई दूरदर्शी प्रावधान हैं जो हमारे सभी नागरिकों को डिजिटल कनेक्टिविटी का लाभ पहुंचाने में मदद करेंगे। दूरसंचार नेटवर्क की सुरक्षा सर्वोपरि है, और विधेयक दूरसंचार को महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के रूप में मान्यता देता है और इसे नुकसान पहुंचाने वालों के लिए दंडात्मक परिणाम निर्धारित करता है। उपयोगकताओं के कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए, विधेयक राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उपभोक्ताओं पर समान जिम्मेदारी डालता है।

### उत्तर प्रदेश की पहली एआई-पावर्ड, उन्नत अत्याधुनिक कैथ लैब फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा में लॉन्च की गई

**नोएडा**

फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा ने हाल ही में उत्तर प्रदेश की पहली आर्टिफिशल इंटेलिजेंस-पावर्ड कैथ लैब शुरू की है, जो हार्ट, न्यूरोलॉजी और वैस्?कुलर प्रक्रियाओं में उन्नत और जटिल उपचार के लिए डिजाइन की गई अत्याधुनिक सुविधा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ श्री लोकेश एम ने कैथ लैब का उद्घाटन किया। समारोह में फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा के जोनल डायरेक्टर श्री मोहित सिंह भी उपस्थित थे।

यह एडवांस्?ड कैथ लैब जीई इनोवाट्ठ आईजीएस 5 के एआई वर्शन से लैस है, जो विशेष रूप से हृदय संबंधी बीमारियों के लिए उच्च कुशलता-आधारित इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए उच्च-स्तरीय टैक्?नोलॉजीज को एकीकृत करती है। हाई-रिजॉलूशन, 3डी एआई-आधारित टैक्?नोलॉजी जटिल एंजियोप्लास्टी, टीएवीआर, मित्र क्लिप जैसी संरचनात्मक हृदय प्रक्रियाओं और स्ट्रोक के लिए महत्वपूर्ण न्यूरो उपचार के साथ-साथ अन्य इमरजेंसी वैस्?कुलर प्रक्रियाओं को सपोर्ट करने में दक्ष है।

फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा के जोनल डायरेक्?टर, डॉ. मोहित सिंह ने कहा, ह्यह्यएनसीडी से होने वाली अधिकांश असामयिक मौतें रोकी जा सकती हैं और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) टैक्?नोलॉजीज में इस क्षेत्र में ०?यापक बदलाव लाने की क्षमता है। क्?लीनिकल निर्णयों को सपोर्ट करने के लिए डेटा और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का उपयोग करने से रोगियों की देखभाल और दक्षता में सुधार लाने की काफी संभावनाएं हैं। फोर्टिस में हम रोगी परिणामों में लगातार सुधार करने के लिए स्वास्थ्य-आधारित तकनीकी प्रगति को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### राष्ट्रीय ट्रस्ट संरक्षकता अधिनियम के तहत आयोजित मीटिंग में छह विशेष जरूरत वाले बच्चों को संरक्षक तय: डीसी विक्रम सिंह*

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

राष्ट्रीय ट्रस्ट संरक्षकता अधिनियम के अनुपालन में उपायुक्त विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को स्थानीय स्तरीय समिति की बैठक बुलाई गई। बैठक में ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और एकाधिक विकलांगता वाले व्यक्तियों से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों को विचार-विमर्श किया गया। मीटिंग में छह दिव्यांगों को संरक्षक के लिए आवेदनों को मंजूरी दी गई। मीटिंग में निर्देश देते हुए उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ट्रस्ट संरक्षता अधिनियम के तहत मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों को गार्जियनशीप (संरक्षक) सर्टिफिकेट दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इन विशेष जरूरत वाले बच्चों को कई बार जीवन में कानूनी निर्णय लेने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि नेशनल ट्रस्ट ने नियुक्त प्रतिनिधियों के माध्यम से उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए तंत्र स्थापित किया है। ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और बहु-विकलांगता वाले व्यक्तियों को अपने हितों की रक्षा करने और उनकी निरंतर भलाई सुनिश्चित करने के लिए कानूनी मामलों में निरंतर समर्थन की आवश्यकता हो सकती है।

## शराब तस्करी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक मामलो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी कप्तान की टीम ने शराब तस्करी करने वाले 2 आरोपियो को मौके से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुशांत और रंजीत का नाम शामिल है। दोनों आरोपी संगम विहार दिल्ली के रहने वाले है। दोनों आरोपियो को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से काबू किया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित करें फील्ड अधिकारी

**प्रचार वाहन**

**8 एडीसी ने कहा प्रतिदिन 2 गाँवों और शहर के दो वार्डो को कवर रहा हैं प्रचार वाहन**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि देश सहित पूरे प्रदेश में आगामी 26 जनवरी तक आयोजित होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्राएं जन संवाद कार्यक्रमों में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी अपनी उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला फरीदाबाद में ग्रामीण



क्षेत्रों को कवर करने के लिए अब से दो वैन चलाई जाएंगी। जिससे ज्यादा से ज्यादा ग्रामवासियों को इस यात्रा का लाभ प्राप्त हो सके। सभी विभागों के जिला नोडल अधिकारी और फील्ड अधिकारी इस यात्रा में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्य करें। यात्राओं में युवाओं व स्कूली विद्यार्थियों की भागीदारी के लिए विकसित भारत थीम पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए तथा विजेताओं और लाभार्थियों को इनाम या पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जाए। एडीसी आनंद शर्मा आज मंगलवार को जिला फरीदाबाद में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारीयों को संबोधित कर रहे थे। एडीसी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में फरीदाबाद जिला में अधिकारियों को क्रियान्वित की जा रही विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सभी अधिकारियों की ड्यूटी लगी हुई है। यात्राओं में विभिन्न विभागों जैसे आयुष, हेल्थ, शिक्षा, क्रिड, समाज कल्याण आदि द्वारा आमजन की सुविधा के लिए कैम्प भी लगाए जा रहे हैं । इसी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विकसित भारत थीम पर स्कूली बच्चो के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है।

जिससे की युवा वर्ग की भागीदारी भी इस यात्रा में सुनिश्चित की जा जाए। यात्राओं के माध्यम से आमजन तक केंद्र व राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है तथा भावी लाभार्थियों को चयनित कर उन्हें योजना का लाभ देने का कार्य किया जाए। बैठक उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन यात्राओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला सभी संबंधित विभागों के जिला अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सप्ताह मे दो बार साइटों पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

## श्रमिकों को सस्ती दरो पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए एडीसी आनंद शर्मा ने किया मोबाइल कैंटीन का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गयी अन्त्योदय आहार योजना के तहत भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा सस्ती दरों पर श्रमिकों को भोजन उपलब्ध करवाने के लिए हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के महिला सहायता समूह के सहयोग से फरीदाबाद में तीन स्थाई कैंटीन चलाई जा रही है। इसी श्रृंखला में आज मंगलवार को जिला के विभिन्न लेबर चौक पर श्रमिकों को सस्ता एवं अच्छा आहार उपलब्ध करवाने के लिए एडीसी



डॉ. आनंद शर्मा ने सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय से मोबाईल कैंटीन का शुभारंभ किया। इस मोबाइल कैंटीन के माध्यम से श्रमिकों को सस्ती दरों पर जिसकी एक थाली की कीमत 10 रुपए होगी, में भोजन उपलब्ध हो सके। इस थाली में दाल, चावल, चार रोटी, सब्जी, गुड मिलेगा। अतिरिक्त उपायुक्त श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशानुसार गरीब लोगो व श्रमिकों को सस्ते दर पर भोजन उपलब्ध करवाने के लिए महिला समूहो के माध्यम से यह कार्य किया जा रहा है।

## होटल राजमहल में बर्थडे पार्टी में बिना लाईसेंस के परोसी जा रही थी शराब

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के द्वारा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना एनआईटी सविता व थाना कोतवाली प्रभारी की टीम ने होटल में बिना लाइसेंस व प्रशासन के आदेश की उल्लघंना कर परोसी जा रही शराब के मामले मे होटल संचालक व शराब का सेवन कर न्यूसेंस क्रिएट करने वाले वाले 22 आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई।

## बूट्ज रम की हरियाणा में शानदार शुरूआत

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**

हॉलैंड की 17वीं सदी की विरासत वाले ब्रैंड बूट्ज रम ने हरियाणा में अपने बहुप्रतीक्षित लॉन्च की घोषणा की है। पड़ोसी राज्य पंजाब में अपने सफल लॉन्च और दिल्ली में अपनी उपस्थिति को सुदृढ़ करने के बाद, बूट्ज रम हरियाणा के स्पिरिट लवर्स को लुभाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

बूट्ज डिस्टिलरी डेड्रीफ्लेशजेस एक दिग्गज कंपनी है, जिसकी स्थापना सन् 1650 में हॉलैंड के नीउवेकेर्क (न्यू चर्च) में की गई थी। यह ब्रैंड आज दुनिया भर में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है। बूट्ज को भारत में वर्ष 2019 में लॉन्च किया गया था, तब से अब तक यह निरंतर रूप से देश में अपनी पहुँच का विस्तार कर रहा है। अपने समृद्ध और मृदु स्वाद से स्पिरिट लवर्स के दिलों में अलग स्थान बनाकर, बूट्ज ने सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित रम ब्रैंड्स में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। जमैका की धूप से रौशन तटों से प्राप्त बूट्ज रम के साथ इस ब्रैंड ने अपने आधार को सुदृढ़ बनाया है।बूट्ज के हरियाणा लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, सुश्री पुष्पांजलि बनर्जी, ब्रैंड डायरेक्टर, किंडल ग्रुप, ने कहा, "हम हरियाणा में बूट्ज रम की शुरूआत करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हरियाणा के लोग हमेशा से ही रम प्रेमी रहे हैं और हमें यकीन है कि यह प्रसिद्ध

**का**

**8 हॉलैंड की 17वीं सदी की विरासत वाले ब्रैंड बूट्ज रम ने हरियाणा में प्रतीक्षित लॉन्च की घोषणा की है**

स्पिरिट अपने बेहतरीन ब्लेंड और अनूठे टेक्सचर के साथ यहाँ के लोगों का दिल जीत लेगा। बूट्ज के साथ हम जिस स्वाद को लॉन्च कर रहे हैं, उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पसंद किया जाता है। दिल्ली, पंजाब और अब हरियाणा में हमारी सफल शुरूआत के बाद, हम बूट्ज को पूरे देश में उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

वर्ष 2019 में भारत में और कुछ ही वर्ष पहले उत्तर भारतीय बाजार में अपनी शुरूआत के बाद से, बूट्ज रम ने स्वाद के मामले में अपनी उल्लेखनीय पहचान बनाई है और गहरा आकर्षण जोड़ा है। इतना ही नहीं, विगत तीन वर्षों से यह 32% की प्रभावशाली चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) हासिल कर रहा है। वर्तमान में बूट्ज 20 से अधिक राज्यों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के लिए उपलब्ध है। एक्सक्लूसिव बूट्ज रिजर्व डार्क जमैका रम तीन अलग-अलग आकारों में उपलब्ध है, जिसमें 750 मिली की कीमत 700 रुपए, 375 मिली की कीमत 350 रुपए और 180 मिली की कीमत 180 रुपए है।

## मोदी जी गारंटी वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ का स्वागत

**आभार**

**8 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का जताया आभार**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी वाले गारन्टी रथ यात्रा के विकसित भारत संकल्प यात्रा बल्लबगढ़ के किसान भवन पहुंची। जहां प्रदेश के केबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई श्री टिपर चंद शर्मा ने यात्रा का स्वागत किया। वहीं लोगों की मौके पर ही समस्याएं दूर कि जा रही हैं। भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा ने लोगो से उनकी



समस्याओं को सुनते हुए मौके पर ही समाधान करवाया।

ये महानुभाव रहे उपस्थित:-

इस मौके पर निगम के कार्यकारी अभियंता ओपी कर्दम, जेई विपिन शर्मा,राकेश गुर्जर, पारस जैन, शीला शर्मा,बबली प्रधान,बुद्धा सैनी,मास्टर जेपी,जेई ॠतु बंसल,जितेंद्र बंसल,बबली प्रधान सहित कालोनियों के गणमान्य लोग मोजूद रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा आज बल्लबगढ़ में आदर्श नगर के शहीद गुलाब सिंह सैनी सामुदायिक भवन पहुंची। जहां पर भी मुख्य अतिथि प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई श्री टिपरचंद शर्मा पहुंचे और इस मौके पर आयोजित पीपीपी सहित सरकारी योजनाओ के लाभ के लिए लगाए गए स्टॉल पर पहुंचकर लोगो से उनकी समस्याओं के बारे में जाना और उन्हे दूर कराने के लिए अधिकारियों से बात की। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का आभार जताया । उन्होंने कहा की अब लोगो को अपने सरकारी कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नही काटने पड़ रहे हैं और समस्याओं का समाधान हो रहा है।

## तिगांव में जननायक जनता पार्टी को मजबूत बनाने के लिए अभियान जोरों पर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

जननायक जनता पार्टी के संस्थापक डा. अजय सिंह चौटाला के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में जेजेपी का विस्तार व संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्राथमिकता सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। तिगांव विधानसभा में जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता श्री उमेश भाटी ने अशोका एनक्लेव स्थित पार्टी कार्यालय पर महिलाओं को प्राथमिकता सदस्यता का प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं द्वारा मूलभूत सुविधाओं को लेकर समस्याएं भी सुनी। जिस पर उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारी से बात कर



समस्या का हल करने को लेकर बात की । इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता श्री उमेश भाटी ने कहा की अधिक विकास कार्यों एवं सुविधाओं के लिए जेजेपी को मजबूत बनाना होगा। इसके लिए पार्टी का प्राथमिक सदस्य बनना बहुत जरूरी है। जनता का प्यार बता रहा है की हरियाणा में डिप्टी सीएम श्री दुष्यंत चौटाला जी लोकप्रियता बढ़ती जा रहीं है। लोगों मैं खासकर महिलाओं में सदस्यता अभियान को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है। अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन का सदस्य बनाया जा रहा है। पार्टी ने जो वायदे महिलाओं से चुनाव से पहले किए थे उन वायदों को सरकार कुछ करवा चुकी है कुछ पर आने वाले दिनों में सरकार घोषणा कर सकती है श्री नैना चौटाला जी महिलाओं की आवाज विस में बन कर महिलाओं के हित में कानून बनवाने का काम कर रही है। हर वर्ग का भला अगर कोई कर सकता है तो वो डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जी है। हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर वो चल रहे है। कार्यालय पर आज प्राथमिकता सदस्यता के तहत तिगांव विधानसभा की धीरज नगर की महिला कार्यकताओं को प्रदेश प्रवक्ता व विधानसभा अध्यक्ष उमेश भाटी जी ने किताबे भी भेंट की इस मौके पर श्यामला रानी, रेखा सिंह, रितु देवी, रानी देवी, ज्योति देवी आदि मौजूद रही।

## भारतीय विद्यालय शिक्षा परिषद स्कूल संचालकों की हर समस्या का निदान करवाएगा: डा. अरोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

भारतीय विद्यालय शिक्षा परिषद के नवनियुक्त चेयरमैन डा. तरूण अरोड़ा एडवोकेट ने कहा है कि हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी, सीबीएसई बोर्ड दिल्ली व अन्य विभागों से आ रही परेशानियों को लेकर स्कूल संचालक सम्पर्क कर उनकी हर समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। यह बात श्री अरोड़ा आज बीके चौक स्थित एक निजी होटल में आयोजित प्रैस वार्ता के दौरान कही। डा. तरूण अरोड़ा ने कहा कि स्कूल संचालकों को लगातार आ रही समस्याओं के मद्देनजर भारतीय विद्यालय शिक्षा



परिषद के पदाधिकारियों ने एक बैठक कर यह निर्णय लिया है कि उनका संगठन सभी स्कूल संचालकों की निशुल्क मदद करेगा। चाहे उसने भारतीय विद्यालय शिक्षा परिषद की सदस्यता ली हो या न ली हो। साथ ही भारतीय विद्यालय शिक्षा परिषद से जुड़े सभी शिक्षकों को 5 लाख 70 हजार का निशुल्क दुर्घटना बीमा व मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

डा. तरूण अरोड़ा ने निजी स्कूल संचालकों, अभिभावकों और छात्र संघों को एक साथ मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा तथा आपके साथ पेश आ रही समस्याओं का समय पर निदान करवा जाएगा। श्री अरोड़ा ने कहा कि जल्द ही भारतीय विद्यालय शिक्षा परिषद का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री के मीडि?ा सलाहकार राजीव जेटली से हरियाणा भवन दिल्ली में मुलाकात कर स्कूल संचालकों की समस्याओं को उठाएगा।

# बाबा श्याम के रंग में रंगा केवल पार्क, हजारों भक्तों ने भरी हाजरी

## लखदातार सेवा समिति का दूसरा भव्य आयोजन, देर रात तक चलता रहा कार्यक्रम











**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**आजादपुर** की श्री लखदातार सेवा समिति द्वारा केवल पार्क के रामलीला मैदान में श्री श्याम संर्कीतन महोत्सव एवं निशान यात्रा का दूसरा भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों श्याम भक्तों ने हाजरी भरी। कार्यक्रम से पहले सुबह निशान यात्रा निकली गई।

**700 ने उठाया निशान, हजारों ने यात्रा में लिया हिस्सा :** बता दें कि केवल पार्क स्थित प्राचीन शिव मंदिर से श्री श्याम भक्तों ने सात सौ से ज्यादा निशान उठाये। वहीं, हजारों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया। इसमें सबसे बड़ी संजय महिलाओं की रही। इनके अलावा बुजुर्ग और नौजवानों में खासा उत्साह दिखा। सभी ने बाबा के नारों के साथ निशान यात्रा में हिस्सा लिया। केवल पार्क के प्राचीन शिव मंदिर से यात्रा प्रारंभ की गई और केवल पार्क की विभिन्न गलियों कूचों



से होती हुई यात्रा केवल पार्क रामलीला मैदान पहुंची।

**भजन गायकों ने बांधा समां:** कार्यक्रम में बाबा के भजनों को गाने के लिए दूर-दूर से कलाकारों को बुलाया गया। भजन गायक, राज पारिक, वैष्णवी शर्मा, नरेश नरसी, आयुष सोमानी, विपिन गुप्ता, सलोनी गुप्ता, राजेश लुथरा, मयूर रस्तोगी की सुमधुर आवाज में बाबा के भजनों का गुणगान किया गया।

**विशेष अतिथियों का हुआ आगमन:** बाबा के श्री चरणों में हाजिरी भरने के लिए विशेष अतिथियों ने शिरकत की। जिसमें की आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, मंगतराम सिंघल पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार, पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, दिल्ली पेरामेडिकल बोर्ड के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, निगम पार्षद सुमन शर्मा, निगम पार्षद सुमन त्यागी, सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, एक्शन इंडिया के मुख्य संपादक रवि भारद्वाज, आदर्श नगर की पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्विराजा, नई दिल्ली ज़िले के प्रभारी अजय शर्मा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, धीरपुर वार्ड के पूर्व प्रत्याशी अनुराग गर्ग ने बाबा के चरणो में हाजिरी भरी।

**संस्था में इन लोगों का रहा विशेष सहयोग:** कार्यक्रम में समिति के मुख्य संरक्षक नवीन त्यागी, हरीश भारद्वाज, हेंमत कुमार, नितिन गुप्ता और संरक्षक होशियार सिंह मुदगल, संदीप भारद्वाज, राजबीर शास्त्री, राकेश गोयल, वीरसेन गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, सुभाष घांघी, अमित गुप्ता, रजनीश जाडू, नितिन चड्ढा, विद्यानंद झा, नरेश खंडेलवाल, नितिन गुप्ता, संदीप मुदगल, इशान गोयल, चेतन भारद्वाज, अरविंद कुमार झा, जय प्रकाश शर्मा, कुनाल शर्मा, योगिंद्र मेहरा, आशिष घांधी, अरूण भारद्वाज, उमेश शर्मा, मनोज बालियान, निशांत पराशर, उमेश मुदगल, गाविंद वर्मा, अमित भारद्वाज, आलोक कौशिक, सुरेश ठाकूर, राकेश शर्मा, मनोज सहित अन्य गणमान्यों ने बाबा के श्री चरणों में हाजिरी भरी।








# जहांगीरपुरी: पार्षद अजीत यादव ने सड़क निर्माण कार्य का किया उद्घाटन

## जहांगीरपुरी बी ब्लॉक मार्किट के लोगों ने भलस्वा वार्ड के पार्षद अजीत यादव का स्वागत किया और इस कार्य के लिए निगम पार्षद का धन्यवाद भी किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भलस्वा वार्ड** के जहांगीरपुरी बी ब्लॉक डीडीए मार्केट में नई सड़क बनवाने के कार्य का उद्घाटन भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने किया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के साथ वार्ड अध्यक्ष शेखर सोनकर, राजू ठाकुर, संगठन मंत्री अकबर खान और बीसी मार्केट के दुकानदार के अलावा वार्ड के कार्यकर्ता मौजूद रहे।





इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि आज बी ब्लॉक की मार्किट में सड़क का उद्घाटन किया गया है। मेरा लक्ष्य है कि सभी को सभी सुविधाएं मिले, क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की जो भी समस्याएं है, उनका समाधान किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि क्षेत्र में जो भी सड़के व गलियां ठीक नहीं है, उसे बनवाया जायेगा, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर रोड़ व सड़के मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि अगर क्षेत्र को कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मेरे कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर स्थानीय निवासियों व मार्किट के लोगों ने निगम पार्षद अजीत यादव का स्वागत किया।

# मॉडल टाउन विधानसभा: डीडीए की जमीन पर लोग जमा बैठे हैं अवैध कब्ज़ा: सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/ महेंद्र सिंह**
**मॉडल टाउन** विधानसभा के अंतगर्त आने वाले संगम पार्क वार्ड नंबर-67 स्थित बड़ा बाग के औद्योगिक क्षेत्र में डीडीए की लापरवाही के चलते प्रस्तावित डीडीए की लैंड पर लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है और प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है।





**क्या है पूरा मामला:** दरअसल मामलें में खुलासा करते हुए मॉडल टाउन के पूर्व कांग्रेसी विधायक कंवर करन सिंह ने बताया कि बड़ा बाग के इंडस्ट्रीयल एरिया के डीडीए पार्क में पहले झुग्गी बस्ती हुआ करती थी, जिन्हें अनुमानित 15 साल पहले नरेला में यह बोलकर शिफ्ट किया गया था कि यह जमीन जन सुविधा के लिए प्रस्तावित की जा चुकी है और यहां पर कमर्शियल दुकानें, डिस्पेंसरी, डाकघर आदि का निर्माण किया जाएगा। चूंकि अब इस बात को 15 साल से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी मास्टर प्लान का पता ही नहीं चला।

**डीडीए का मास्टर प्लान पानी में:** कंवर करन सिंह ने बताया कि विभिन्न तरह की एक्टीविटी के लिए डीडीए ने मास्टर प्लान बनाकर प्रस्तावित किया गया था, जिसके बाद डीडीए ग्राउंड में रहने वालें लोगों से झुग्गियां खाली करवाकर उन्हें बाहरी दिल्ली स्थित नरेला में शिफ्ट कर दिया गया था। लेंकिन अब इस बात को 15 साल से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद मास्टर प्लान को ठंडे बस्ते में डाल संबंधित शासन-प्रशासन चुप्पी साधे बैठ गया है।

**सरकार को झुग्गी हटाने की ही थी जल्दी:** उन्होनें बताया कि आखिरकार सरकार को उन झुग्गी बस्ती वालों को हटाने को लेकर किस बात की जल्दी थी, प्रशासन ने मास्टर प्लान की ओट में झुग्गी बस्ती हटा तो दी, लेकिन सालों बीत जाने के बाद भी प्रस्तावित प्लान नहीं आया और मौजूदा हालत में अवैध रूप से लोगों ने कब्जा कर लिया है।

**ग्रांउड बना असामाजिक तत्वों का अड्डा:** करन सिंह ने बताया कि डीडीए की लापरवाही के चलते खाली पड़ी जमीन पर मास्टर प्लान तो आया नहीं, लेकिन रेखदेख के अभाव में यह जमीन असमाजिक तत्वों का अड्डा बन चुकी है। उन्होनें बताया कि अंधेरा पसरते ही यहां पर असामाजिक तत्व एकत्र होकर नशा करते है और आने-जाने वाले लोगों से छीना झपटी जैसी वारदातों को आए दिन अंजाम देते है।